इंडिया एक्ज़िम बैंक
India Exim Bank

वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2020-21

उद्देश्य OBJECTIVES

निर्यातकों और आयातकों को वित्तीय सहायता प्रदान करना और...
देश के अंतरराष्ट्रीय व्यापार के संवर्धन की दृष्टि से माल एवं सेवाओं के निर्यात
और आयात का वित्तपोषण करने वाली संस्थाओं के कामकाज का
समन्वय करने के लिए एक प्रमुख वित्तीय संस्था...

‘जनहित को ध्यान में रखते हुए व्यावसायिक सिद्धांतों पर कार्य करना‘

(भारतीय निर्यात–आयात बैंक अधिनियम, 1981)

Providing financial assistance to exporters and importers, and...
functioning as the principal financial institution for coordinating
the working of institutions engaged in financing export and import of goods and
services with a view to promoting the country's international trade...

'Act on business principles with due regard to public interest'.

(The Export-Import Bank of India Act, 1981)



विषय वस्तु
CONTENTS

निदेशक मंडल
Board of Directors 02

प्रबंध निदेशक का वक्तव्य
Managing Director's Statement 04

प्रबंधन
Management 11

निदेशकों की रिपोर्ट
Directors' Report 19

व्यवसाय परिचालन
Business Operations 27

वित्तीय विवरण
Financial Statements 69

निर्यात विकास कोष
The Export Development Fund 169

निदेशक मंडल
BOARD OF DIRECTORS

भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले निदेशक
Directors representing the Government of India

श्री राहुल छाबड़ा
सचिव (ईआर)
विदेश मंत्रालय

Shri Rahul Chhabra
Secretary (ER)
Ministry of External Affairs

श्री रजत सच्चर
प्रधान सलाहकार
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

Shri Rajat Sachar
Principal Adviser
Department for Promotion of Industry and Internal Trade
Ministry of Commerce and Industry

श्री के. राजारमन
अपर सचिव
(निवेश, आईईआर और प्रशासन)
आर्थिक कार्य विभाग
वित्त मंत्रालय

Shri K. Rajaraman
Additional Secretary
(Investment, IER & Admin)
Department of Economic Affairs
Ministry of Finance

श्री पंकज जैन
अपर सचिव
वित्तीय सेवाएं विभाग
वित्त मंत्रालय

Shri Pankaj Jain
Additional Secretary
Department of Financial Services
Ministry of Finance

श्री अमिताभ कुमार
संयुक्त सचिव
वाणिज्य विभाग
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

Shri Amitabh Kumar
Joint Secretary
Department of Commerce
Ministry of Commerce and Industry

भारतीय रिज़र्व बैंक, संस्थाओं और वाणिज्यिक बैंकों से निदेशक
Directors from the Reserve Bank of India, Institutions and Commercial Banks

श्री आर. सुब्रमणियन
कार्यपालक निदेशक
भारतीय रिज़र्व बैंक

Shri R. Subramanian
Executive Director
Reserve Bank of India

श्री दिनेश खारा
अध्यक्ष
भारतीय स्टेट बैंक

Shri Dinesh Khara
Chairman
State Bank of India

श्री एम. सेंथिलनाथन
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक
ईसीजीसी लिमिटेड

Shri M. Senthilnathan
Chairman-cum-Managing Director
ECGC Ltd.

श्री राकेश शर्मा
प्रबंध निदेशक और
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
आईडीबीआई बैंक

Shri Rakesh Sharma
Managing Director &
Chief Executive Officer
IDBI Bank

श्री राजकिरन राय जी.
प्रबंध निदेशक और
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

Shri Rajkiran Rai G.
Managing Director &
Chief Executive Officer
Union Bank of India

श्री ए. एस. राजीव
प्रबंध निदेशक और
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
बैंक ऑफ महाराष्ट्र

Shri. A. S. Rajeev
Managing Director &
Chief Executive Officer
Bank of Maharashtra

पूर्णकालिक निदेशक
Whole-time Directors

श्री डेविड रस्कीना
प्रबंध निदेशक

Shri David Rasquinha
Managing Director

सुश्री हर्षा बंगारी
उप प्रबंध निदेशक

Ms. Harsha Bangari
Deputy Managing Director

श्री एन. रमेश
उप प्रबंध निदेशक

Shri N. Ramesh
Deputy Managing Director

(यथा 18 मई, 2021 / As on May 18, 2021)

प्रबंध निदेशक का वक्तव्य
Managing Director's Statement

वित्तीय वर्ष 2020-21 के अधिकांश महीने 'वायरस की भेंट' चढ़ गए। वह जाता हुआ 2019 था, जब कथित तौर पर एशिया के प्रांतीय शहरों में से एक में कोविड-19 वायरस का विस्फोट हुआ और देखते ही देखते यह दुनियाभर में फैल गया। एकाएक सारी दुनिया में विपदा, रुग्णता और दुर्भाग्यवश मौत का मंज़र पसरता चला गया। डरा देने वाली संख्याएं भयावह आंकड़े मात्र बनकर रह गईं। इस क्षति से सारी दुनिया में मनुष्य जाति की प्रगति बुरी तरह प्रभावित हुई। भारत भी इसके प्रकोप से अछूता नहीं रहा और हमारे देश में भी इसका बहुत बुरा असर दिखाई दिया। हम अपने साथी भारतीयों तथा समस्त मनुष्य जाति के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हैं, जो इस वायरस से बुरी तरह प्रभावित हुए। हम सलाम करते हैं उस पूरे चिकित्सक समुदाय और वैज्ञानिकों को, जिन्होंने इस मुश्किल घड़ी में अदम्य साहस का परिचय देते हुए इससे संघर्ष किया और हमें टीके का कवच प्रदान किया।

इस वायरस ने लोगों के स्वास्थ्य को तो बुरी तरह प्रभावित किया ही है, व्यवसाय और अर्थव्यवस्था के लिए भी यह घातक रहा है। हालांकि अलग-अलग

The financial year 2020-21 has been for the most part the 'Year of the Virus'. Beginning with a stray case which reportedly erupted from one of Asia's provincial capitals in end-2019, the COVID-19 virus has rampaged across the globe, leaving in its wake much misery, illness and sadly death. Numbers, frightening as they may be, are mere statistics. The cost in terms of the setback to human progress around the world has been terrible. India has been hard hit too and our hearts go out to our fellow Indians, and all human beings, who have borne the brunt of the virus. We gratefully salute the medical fraternity and the scientists who have worked heroically to stem the onslaught and give us the shield of vaccines.

The adverse impact of the virus on health has been exacerbated by its pernicious impact on business and the economy. While the varied lockdowns and

तालाबंदियों और विभिन्न प्रतिबंधों की बदौलत वायरस को फैलने से रोकने और इसके कारण हो रही मौतों को कम करने में मदद मिली, किन्तु आर्थिक गतिविधि की दृष्टि से इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ी। हालांकि खेतों में हल न रुकने से कृषि एकमात्र क्षेत्र रहा, जिसमें वृद्धि दर्ज की गई, किन्तु विनिर्माण और सेवा क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुए। सेवा क्षेत्र पर विशेष रूप से प्रतिकूल प्रभाव पड़ा, जिसमें व्यक्तिगत उपस्थिति की जरूरत अधिक रहती है। दूसरी लहर के प्रभाव के बावजूद, एक सकारात्मक पहलू यह है कि 2020-21 में जीडीपी में जो गिरावट थी, उसके 2021-22 में अच्छे सुधार के रूप में तब्दील होने की संभावना है।

इस महामारी ने हमारे परिचालन के तौर-तरीकों को असाधारण रूप से बदला है। वैश्विक स्तर पर, व्यवसायों और लोगों के काम करने के तरीके इस सहस्राब्दि की शुरुआत से ही तेजी से बदलते रहे हैं। यह बदलाव काम करने के फ्लेक्सिबल समय से लेकर घर से काम करने की सुविधा और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के माध्यम से ही वित्तीय ट्रांजैक्शन तक कर लेने में देखा जा सकता है। भारत सहित उभरती अर्थव्यवस्थाओं ने इन परिवर्तनों को अपनाया, पर इसमें कहीं न कहीं संकोच और अरुचि का भाव रहा। किन्तु, इस महामारी ने समीकरण बदल दिए और भारत के एक बड़े हिस्से को इन नई वास्तविकताओं को आत्मसात करने और व्यवसाय करने की संभावनाओं को अपनाने की ओर धकेला। वस्तुतः भारतीय वित्तीय संस्थाओं ने भी बदली परिस्थितियों को उत्साह से स्वीकार किया, जिनके परिचालन बेहद गोपनीय और जटिल होते हैं और घर से काम करते हुए ही समस्त कार्यों का निष्पादन किया। सुदृढ़ आईटी सिस्टम और सुप्रशिक्षित एवं प्रतिबद्ध स्टाफ की बदौलत अन्य के साथ-साथ एक्ज़िम बैंक ने भी वर्चुअल तरीके से अबाधित रूप से काम किया। बैंक की व्यवसाय निरंतरता योजना महत्त्वपूर्ण साबित हुई। भौतिक रूप से दोबारा कार्यालय आना शुरू करने के बाद भी घर से काम करने के अनुभवों से मिली सीख से हम लाभान्वित होते रहेंगे। यह सही है कि साथियों के साथ काम करने और भौतिक कार्यालय संस्कृति का कोई विकल्प नहीं है; इसके अतिरिक्त, मौजूदा व्यवसाय को तो हम वर्चुअल रूप से अंजाम दे सकते हैं, किन्तु नए व्यवसाय स्क्रीन के जरिए हासिल नहीं किए जा सकते हैं। लेकिन वे अधिकारी, जिन्हें घर से काम करने की जरूरत है, और वे गतिविधियां, जिनके लिए भौतिक रूप से कार्यालय आना आवश्यक नहीं है, वे निश्चित रूप से वर्चुअल तरीके से काम कर सकते हैं।

वित्तीय और व्यवसाय परिणाम

2020-21 में विशेष रूप से निर्यातों के लिए व्यवसाय परिवेश चुनौतीपूर्ण रहा है। निष्पादित की जा रही परियोजनाओं में मंदी देखी जा रही है और नई परियोजनाएं धरातल पर उतरने में समय ले रही हैं। कंपनियां भी सावधानी

restrictions have helped in controlling the spread of the virus and in reducing fatalities, the cost in terms of economic activity has been heavy. While agriculture has ploughed its lone furrow, manufacturing and services have been hit, especially the latter which require more of personal interface. On the positive side, even with the impact of the second wave, the GDP degrowth of 2020-21 is widely expected to transition to a robust recovery in 2021-22.

The pandemic has resulted in phenomenal alterations in the way we operate. Globally, there has been a steady transformation in the way businesses and people operated since the beginning of this millennium, from flexible working hours, to work from home, to doing financial transactions over electronic gadgets. Emerging economies including India were adopting these changes but there was an element of hesitation and reluctance. However, the pandemic changed the equation and essentially drove much of India to embrace these new realities and possibilities of doing businesses. In fact, Indian financial institutions that conduct extremely confidential and complex operations, accepted the changing circumstances with elan while executing deals as they worked from home. Robust IT systems and a well-trained and committed staff base has enabled Exim Bank, among others, to work seamlessly in a virtual environment. The Bank's Business Continuity Plan has proved its worth, and even after we return to the physical office, the lessons of Work From Home will benefit us. There is of course no substitute for the fellowship and culture of a physical office; moreover, while existing business can be serviced virtually, new business cannot be sourced through a screen. But those officers who need to Work From Home, and those activities that do not always require physical presence, can certainly thrive virtually as well.

Financial and Business Results

The business environment in 2020-21, especially for exports, has been challenging, with projects under execution slowing down, and new projects taking time to materialise. Companies too have tended to

पूर्वक, अपनी बैलेंस शीट के अनुकूल व्यवसाय करने लगीं और पूँजीगत निवेश को स्थगित कर दिया। एक्ज़िम बैंक जैसी विकास वित्त संस्था के लिए यह हतोत्साहित करने वाली स्थिति है। तथापि, बैंक ने कोविड-19 से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद बदली हुई परिस्थितियों को तेजी से आत्मसात किया और इसी की बदौलत एक्ज़िम बैंक वित्तीय वर्ष 2020-21 को सकारात्मक नज़रिए से देख सकता है। प्रमुख वित्तीय विवरण इस प्रकार हैं:

be cautious, favouring deleveraging of their balance sheets and deferment of capital investment. For a Development Financial Institution like Exim Bank, this is a dispiriting combination. Nevertheless, the Bank adapted fast and despite the challenges posed by COVID-19, Exim Bank can look back at a positive FY 2020-21. The key financial highlights are:

मानदंड Parameter (A – J ₹ बिलियन में in ₹ bilion, K– N in % में)		निष्पादन Performance 2019-20	निष्पादन Performance 2020-21	वृद्धि Growth 2019-20
A.	ऋण पोर्टफोलियो/Loan Portfolio	994.47	1,038.51	4.43%
B.	गैर-निधिक पोर्टफोलियो/Non-Funded Portfolio	158.69	142.29	(10.34%)
C.	ग्राहक आस्ति पोर्टफोलियो (ए+बी)/ Customer Asset Portfolio (A+B)	1,153.16	1,180.80	2.40%
D.	निवल निवेश /Net Investments	108.37	100.17	(7.57%)
E.	कुल उधारियां/Total Borrowings	1,051.66	1,096.17	4.23%
F.	कुल व्यवसाय (सी+डी+ई)/Total Business (C+D+E)	2,313.19	2,377.14	2.76%
G.	प्रति कर्मचारी व्यवसाय/Business per Employee	6.51	6.83	4.91%
H.	परिचालनात्मक लाभ/Operating Profit	20.31	28.23	39.00%
I.	कर पूर्व लाभ/Profit Before Tax	2.44	3.56	45.90%
J.	कर पश्चात लाभ/Profit After Tax	1.24	2.54	104.84%
K.	निवल अनर्जक आस्तियां/Net Non Performing Assets	1.77%	0.51%	(bps 126)
L.	जोखिम भारित आस्ति पूँजी अनुपात/Capital to Risk Assets Ratio	20.13%	25.89%	bps 576
M.	प्रावधान कवरेज अनुपात/Provision Coverage Ratio	88.76%	96.74%	bps 798
N.	स्लिपेज अनुपात/Slippage Ratio	1.94%	1.52%	(bps 42)

ऋण पोर्टफोलियो में उपर्युक्त अनुसार, 4.43 प्रतिशत की वृद्धि दर वस्तुतः विनिमय दर में उतार-चढ़ावों के चलते कमतर आंकी गई है। दरअसल, करंसी-न्यूट्रल वृद्धि दर तकरीबन 7.0 प्रतिशत है। किन्तु 31 मार्च, 2020 से 31 मार्च, 2021 तक रुपये के मूल्य में हुई बढ़ोत्तरी इस वृद्धि दर पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। वर्ष के दौरान, बैंक को न्यूनतर ब्याज दरों की तलाश करने वाले अपने शीर्ष कॉर्पोरेट ग्राहकों से पूर्व-भुगतान के दबाव का सामना करना पड़ा। ठीक इसी समय कंपनियों की तरफ से भी नए निवेश से उल्लेखनीय रूप से विमुखता देखी गई। परिणामस्वरूप, यथा 31 मार्च, 2021 को भारत सरकार की ओर से बैंक द्वारा किया गया पॉलिसी व्यवसाय ऋण पोर्टफोलियो का 61 प्रतिशत रहा, जबकि वाणिज्यिक व्यवसाय 39 प्रतिशत रहा। इसके अतिरिक्त, वाणिज्यिक व्यवसाय का करीब एक तिहाई हिस्सा बैंकों को पुनर्वित्त का रहा, जिस पर बैंक को न्यूनतर यील्ड मिली।

फंसे हुए कर्ज को कम करने के लिए बैंक द्वारा क्रियान्वित किए गए सख्त फिल्टरिंग मानकों के जरिए बैंक की आस्ति गुणवत्ता में निरंतर सुधार होता रहा है और यह

The growth rate of 4.43 per cent in the loan portfolio is actually an underestimate due to exchange rate fluctuations. The currency-neutral growth is close to 7.0 per cent, but the appreciation of the Rupee from March 31, 2020 to March 31, 2021, adversely impacts the translated number. During the year, the Bank faced pre-payment pressure from its top corporate customers looking for lower interest rates, combined with a marked reluctance by corporates to undertake fresh investment. As a result, as of March 31, 2021, the Policy Business done by the Bank on behalf of the Government of India amounted to 61 per cent of the loan portfolio, while the Commercial Business stood at 39 per cent. Additionally, close to a third of the Commercial Business was lower-yielding refinance to banks.

A marked positive has been the sustained improvement in the Bank's asset quality, arising from tighter filtering standards implemented by

सुधार उल्लेखनीय सकारात्मकता का संकेत है। इसी का परिणाम है कि वाणिज्यिक व्यवसाय का 89 प्रतिशत से अधिक हिस्सा निवेश ग्रेड का है। इससे स्लिपेज (स्लिपेज अनुपात में दर्ज की गई कमी के अनुसार) की आशंका काफी हद तक कम हो जाती है। यह तथ्य भी बैंक के ऋण कौशल में सुधार का प्रमाण है कि यथा 31 मार्च, 2021 को बैंक की अनर्जक आस्तियों का 97.20 प्रतिशत हिस्सा पुराने मामलों का है, जिन्हें 31 मार्च, 2017 से पहले मंजूरी प्रदान की गई थी और केवल 2.80 प्रतिशत हिस्सा ऐसा है, जिसे 01 अप्रैल, 2017 को या इसके बाद मंजूरी प्रदान की गई। फंसे हुए कर्जों की वसूली पर गहन फोकस और सुविचारित प्रावधानों की बदौलत बैंक की निवल अनर्जक आस्तियां घटकर निवल ऋणों की महज 0.51 प्रतिशत रह गईं और प्रावधान कवरेज अनुपात 96.74 प्रतिशत रहा, जो आगामी समय में पुराने ऋणों के प्रभाव को कम करने वाला है। वस्तुतः निदेशक मंडल के अनुमोदन से बैंक ने सूझबूझ के साथ प्रावधानों तथा विवेकसम्मत गुंजाइश को आरबीआई द्वारा निर्धारित न्यूनतम अपेक्षाओं से अधिक बनाए रखा है। बैंक ने परिचालनात्मक लाभ और अपने कर पश्चात लाभ को दोगुना कर उल्लेखनीय रूप से सुधार करते हुए लाभप्रदता के अपने रुझान को जारी रखा है। विवेकसम्मत व्यवसाय और लेखांकन की दृष्टि से बैंक ने निदेशक मंडल के अनुमोदन से अपने प्रावधानों और आरक्षित निधियों को बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस प्रकार बैंक ने न्यूनतर घोषित लाभ की मामूली कीमत पर अपनी बैलेंस शीट को सुदृढ़ किया है।

बैंक को भारत सरकार की विदेशी आर्थिक कूटनीति में इसके एजेंट के रूप में कार्य करने का विशेषाधिकार प्राप्त है। बैंक दुनियाभर में विकास परियोजनाओं के लिए रियायती ऋण-व्यवस्थाओं के जरिए अपनी यह भूमिका निभाता है। यथा 31 मार्च, 2021 को बैंक द्वारा 26.76 बिलियन यूएस डॉलर की ऋण प्रतिबद्धताओं के साथ 64 देशों में 272 ऋण-व्यवस्थाएं प्रदान की जा चुकी हैं।

इसके अलावा, उभरते सितारे कार्यक्रम की शुरुआत बैंक का एक और सकारात्मक कदम रहा है। इसकी शुरुआत आने वाले कल की निर्यात चैंपियन कंपनियों को उनके निर्यातों में गुणात्मक और मात्रात्मक वृद्धि के लिए इक्विटी, ऋण और तकनीकी सहायता के रूप में मिला-जुला सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ऋणों में ₹ 1 बिलियन से कम की मंजूरियों के अतिरिक्त, बैंक के पास उच्च गुणवत्ता वाले मामले (विभिन्न क्षेत्रों में सौ से अधिक संभावित मामलों में से चयनित) पाइपलाइन में हैं और वर्तमान वर्ष के दौरान इनमें से कई के मंजूरियों में तब्दील होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, सिडबी के साथ मिलकर गठित 'वैकल्पिक निवेश कोष' के लिए तैयारी का काम पूरा हो गया है। मुझे उम्मीद है कि समय के साथ, उभरते

the Bank to minimise bad loans. As a result, over 89 per cent of the Commercial Business is rated Investment Grade, materially reducing the probability of slippage (as evidenced by the drop in the Slippage Ratio). The improvement in the Bank's credit skills is also evidenced by the fact that 97.20 per cent of the Bank's NPAs as of March 31, 2021, are legacy cases sanctioned prior to March 31, 2017, and only 2.80 per cent pertain to loans sanctioned on or after April 01, 2017. Intensive focus on recovery of bad loans, combined with aggressive provisioning have reduced the Bank's net NPAs to just 0.51 per cent of the net loans, with a Provision Coverage ratio of 96.74 per cent, implying minimal legacy pain going forward. In fact, the Bank has consciously, and with the approval of the Board, stepped up provisions and prudential allowances beyond the *de minimis* requirements of the RBI. The Bank has also maintained its trend of profitability with a significant improvement in Operating Profit and a doubling of the Profit After Tax. From a prudent business and accounting perspective, the Bank, with the approval of its Board, has chosen to bolster provisions and reserves, thus strengthening the balance sheet at the minor expense of a lower declared profit.

The Bank is privileged to serve as the agent of the Government of India (GOI) in its overseas economic diplomacy via concessional Lines of Credit (LOCs) for development projects across the globe. As of March 31, 2021, Exim Bank has extended 272 LOCs, covering 64 countries with credit commitments of over US$ 26.76 bn.

A further positive has been the launch of the Ubharte Sitaare Programme, aimed at offering future export champions a combination of equity, debt and technical assistance to qualitatively and quantitatively grow their exports under the programme, apart from sanctions of just under ₹ 1 billion in loans, the Bank has a high-quality pipeline of cases (shortlisted out of an overall pipeline of more than one hundred potential cases across various sectors), and expects to convert several of them to sanctions in the current year. Moreover, all preparatory work for the Alternative Investment Fund in association with SIDBI are in place. Over time, I expect the Ubharte Sitaare to be the flagship development business programme of the Bank. I am highly optimistic that the Ubharte Sitaare programme will identify and develop future export champions of India in the days ahead.

सितारे बैंक का प्रमुख विकास व्यवसाय कार्यक्रम होगा। मैं आशान्वित हूं कि उभरते सितारे कार्यक्रम आने वाले समय में कल की निर्यात चैंपियन कंपनियों को चिह्नित करेगा और उनके विकास में सहयोगी होगा।

बैंक अपनी बैलेंस शीट को सुदृढ़ करने और वृद्धि के लिए वित्तीय सेवाएं विभाग के जरिए प्रदान की गई पूँजी के माध्यम से भारत सरकार से मिले प्रचुर सहयोग के लिए भारत सरकार का विनम्र आभारी और कृतज्ञ है। यथा 31 मार्च, 2021 को बैंक का लिवरेज मल्टीपल 7.60 (अधिकतम अनुमेय 10) रहा, जो पूँजी के उच्च उपयोग को और भावी वृद्धि की गुंजाइश को दर्शाता है। यथा 31 मार्च, 2021 को बैंक का जोखिम भारित आस्तियों की तुलना में पूँजी अनुपात 25.89 प्रतिशत की मजबूत स्थिति में रहा (यथा 31 मार्च, 2020 को 20.13 प्रतिशत)। हालांकि यह अनुपात ऋण-व्यवस्थाओं / रियायती वित्त योजना के अंतर्गत ऋणों के लिए भारत सरकार द्वारा गारंटी दिए गए शून्य-जोखिम भार लेने के चलते थोड़ा अधिक है; किन्तु यदि इनके लिए भी हम 50 प्रतिशत का जोखिम भार ले लें तो भी समायोजित सीआरएआर 18.30 प्रतिशत होगा (यथा 31 मार्च, 2020 को 14.84 प्रतिशत), जो इस स्तर पर भी अच्छी स्थिति में होगा और यह भी वृद्धि की संभावनाओं को दर्शाता है।

बैंक ने जनवरी 2021 में 10 वर्षीय बॉन्ड के जरिए 1 बिलियन यूएस डॉलर जुटाते हुए अंतरराष्ट्रीय ऋण पूँजी बाजार में अपना उल्लेखनीय ट्रैक रिकॉर्ड बनाए रखा है। बैंक ने यह राशि किसी भी भारतीय संस्था द्वारा 10 वर्षीय निर्गम के लिए न्यूनतम कूपन दर पर जुटाई। जनवरी 2016 से पिछले पांच वर्षों से बैंक विदेशों में सबसे बड़ी और सबसे प्रतिस्पर्धी दर पर विदेशी मुद्रा बॉन्ड जारी करने वाली संस्था रहा है। बैंक द्वारा जारी सभी विदेशी मुद्रा बॉन्ड इंडिया आईएनएक्स में लिस्टेड हैं, जो गिफ्ट सिटी में भारत का प्रथम अंतरराष्ट्रीय एक्सचेंज है। हम गौरवान्वित हैं कि एक्ज़िम बैंक इंडिया आईएनएक्स में संचयी रूप से सबसे बड़ी बॉन्ड जारीकर्ता संस्था है और हमें उम्मीद है कि आगामी वर्षों में इंडिया आईएनएक्स के साथ बैंक के संबंध और सुदृढ़ होते रहेंगे।

वर्तमान वर्ष 2021-22 चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ अवसरों से भरपूर भी दिखाई देता है। वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान बैंक ने तमाम लागू विनियमों का अनुपालन करते हुए घर से काम को अधिकतम स्तर तक बढ़ाया और अपने व्यवसाय को सफलतापूर्वक अबाधित रूप से संभाला। हालांकि, पहले से चले आ रहे व्यवसाय को घर से काम करते हुए संभालना सहज है, किन्तु यात्राएं और मार्केटिंग किए बिना नए व्यवसाय लाने की कल्पना करना व्यावहारिक नहीं है। दूसरी लहर के बाद देश में लगाए गए विभिन्न प्रतिबंध धीरे-धीरे हटाए जा रहे हैं। ऐसे में, मैं उम्मीद करता हूं कि बैंक सक्रियता से नए व्यवसाय प्रस्ताव लाएगा और 2021-22 में बेहतर वृद्धि का प्रदर्शन करेगा। यह

The Bank is deeply appreciative of, and grateful for, the unstinted support of the GOI, through the Department of Financial Services (DFS), in providing the Bank with capital to strengthen the balance sheet and grow. As of March 31, 2021, the Bank's leverage multiple stood at 7.60 (maximum permissible 10), implying high utilisation of capital, yet leaving room to grow further. The Bank's Capital to Risk Assets Ratio (CRAR) as of March 31, 2021 stood at a robust 25.89 per cent (20.13 per cent on March 31, 2020). This is however arithmetically distorted by the zero-risk weightage for GOI guaranteed Lines of Credit / Concessional Finance Scheme Loans; at a midway risk weightage of 50 per cent instead, the adjusted CRAR would stand at 18.30 per cent (14.84 per cent on March 31, 2020), which is still robust and offers room for growth.

The Bank maintained its enviable track record in the international debt capital markets, raising US$ 1 billion in 10-year bonds in January 2021, at the lowest coupon for any Indian 10-year issuer ever. Over the last five years since January 2016, the Bank has been the largest and most competitively priced issuer of foreign currency paper out of India. All foreign currency bonds issued by the Bank are listed on India INX, which is India's first International Exchange set up at GIFT City. We are also proud to convey that Exim Bank is cumulatively the largest bond issuer listed on India INX, and we hope to continue to strengthen the Bank's relationship with India INX in the years ahead.

The current year 2021-22 looks to be promising as well as challenging. During 2020-21, the Bank in compliance with all applicable regulations has maximised Work From Home and has been successful in managing its business uninterrupted. However, while ongoing business is amenable to Work From Home, origination of new business without active travel and marketing is impractical. As the country opens gradually after the second wave, I look forward to the Bank actively generating new business proposals to enable superior growth performance in 2021-22. Encouragingly, the rapid improvement in India's major export markets augurs well for growing Indian exports.

Board Members

The Bank will complete 40 years later this year, and this voyage, as productive as it has been, would not have happened without the stellar direction

अच्छा संकेत है कि भारत के प्रमुख निर्यात बाजारों में तेजी से सुधार का पूर्वानुमान है, जो भारतीय निर्यातों की वृद्धि के लिए अच्छा है।

निदेशक मंडल के सदस्य

इसी वर्ष के उत्तरार्ध में बैंक के 40 वर्ष पूरे हो रहे हैं और यह यात्रा जितनी उत्पादक रही है, वह निदेशक मंडल के सदस्यों से समय-समय पर मिलने वाले सतत मार्गदर्शन और परामर्श के बिना संभव नहीं थी। 1980 के शुरुआती दशकों में एक नए संस्थान की बुनियाद रखने वाले संस्थापक एक्ज़िमाइट्स दूरदृष्टा साबित हुए हैं, जिन्होंने एक सुदृढ़ और प्रभावशाली संस्था की नींव रखी।

आज हम जिस मुकाम पर हैं, हमें हमारे निदेशक मंडल में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले निदेशकों श्री राहुल छाबड़ा, सचिव (ईआर), विदेश मंत्रालय; श्री रजत सच्चर, प्रधान सलाहकार, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय; श्री के. राजारमन, अपर सचिव, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय; श्री पंकज जैन, अपर सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय; और श्री अमिताभ कुमार, संयुक्त सचिव, वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, का मार्गदर्शन और सान्निध्य मिलता रहा है।

हम विभिन्न संस्थाओं और वाणिज्यिक बैंकों का प्रतिनिधित्व करने वाले निदेशकों की विशेषज्ञता से लाभान्वित होते रहे हैं और उनसे सीखते रहे हैं, जिनमें श्री आर. सुब्रमणियन, कार्यकारी निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक; श्री दिनेश खारा, अध्यक्ष, भारतीय स्टेट बैंक; श्री एम. सेंथिलनाथन, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, ईसीजीसी लि.; श्री राकेश शर्मा, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, आईडीबीआई बैंक; श्री राजकिरन राय जी., प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया; और श्री ए. एस. राजीव, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र; के साथ-साथ मेरे सहयोगी, बैंक के उप प्रबंध निदेशक सुश्री हर्षा बंगारी और श्री एन. रमेश शामिल हैं।

बैंक के निदेशक मंडल में परिवर्तन भी हुए हैं। ये परिवर्तन निदेशक के रूप में उनके पदभार में परिवर्तन होने या अधिवार्षिता आयु पूरी होने, जैसा भी मामला हो, के चलते हुए हैं। इनमें श्री विद्युत बिहारी स्वैन, विशेष सचिव, वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय; श्री आनंद सिंह भाल, वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय; सुश्री इंद्राणी बनर्जी, कार्यकारी निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक; और श्री रजनीश कुमार, अध्यक्ष, भारतीय स्टेट बैंक, शामिल हैं। बैंक उनके मार्गदर्शन और सहयोग के लिए उनके प्रति आभार प्रकट करता है।

व्यक्तिगत मोर्चे पर, यह उत्तरदायित्व में परिवर्तन का समय है। यह बस 36 साल पुरानी ही तो बात है,

and advice received from the Board members from time to time. The founder Eximites, who created a new institution in the early 1980s have proved to be visionaries, creating the foundation for a robust and effective institution.

As we stand today, we are blessed to being guided by members of our Board of Directors representing the Government of India - Shri Rahul Chhabra, Secretary (ER), Ministry of External Affairs; Shri Rajat Sachar, Principal Adviser, Department for Promotion of Industry and Internal Trade, Ministry of Commerce and Industry; Shri K. Rajaraman, Additional Secretary, Department of Economic Affairs, Ministry of Finance; Shri Pankaj Jain, Additional Secretary, Department of Financial Services, Ministry of Finance; and Shri Amitabh Kumar, Joint Secretary, Department of Commerce, Ministry of Commerce and Industry.

We continue to benefit and learn from the expertise of Directors from various institutions and commercial banks, which include Shri R. Subramanian, Executive Director, Reserve Bank of India; Shri Dinesh Khara, Chairman, State Bank of India; Shri M. Senthilnathan, Chairman-cum-Managing Director, ECGC Ltd.; Shri Rakesh Sharma, Managing Director & CEO, IDBI Bank; Shri Rajkiran Rai G., Managing Director & CEO, Union Bank of India; and Shri A.S. Rajeev, Managing Director & Chief Executive Officer, Bank of Maharashtra; apart from my colleagues, Ms. Harsha Bangari and Shri N. Ramesh, Deputy Managing Directors of the Bank.

There have also been changes on the Board of the Bank due to relinquishment of directorships consequent upon change in office or achieving superannuation, as may be the case-these include, Shri Bidyut Behari Swain, Special Secretary, Department of Commerce, Ministry of Commerce and Industry; Shri Anand Singh Bhal, Senior Economic Adviser, Department for Promotion of Industry and Internal Trade, Ministry of Commerce and Industry; Ms. Indrani Banerjee, Executive Director, Reserve Bank of India; and Shri Rajnish Kumar, Chairman, State Bank of India - we thank them all for their guidance and support.

On a personal note, it is time for a change of guard. Just over 36 years ago, in 1984-85, I joined the Exim Bank as a callow and untested Management

जब मैंने एक अनुभवहीन युवा प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में 1984-85 में बैंक जॉइन किया था। मैं सभी स्तरों पर अपने अग्रज एक्ज़िमाइट्स की सदाशयता और उनकी उदारता के लिए अत्यंत कृतज्ञ हूं, जिन्होंने मुझे सिखाया और मेरा मार्गदर्शन किया। मैं भारत सरकार के प्रति भी कृतज्ञ हूं, जिसने पहले उप प्रबंध निदेशक के रूप में और फिर प्रबंध निदेशक के रूप में बैंक का नेतृत्व करने के लिए मुझमें विश्वास जताया। मुझे इस बात का अफसोस जरूर रहेगा कि मेरा अधिकांश समय और ध्यान बैलेंस शीट को ठीक करने तथा अनर्जक आस्ति की समस्या का समाधान करने की भेंट चढ़ गया, जिससे वृद्धि और रणनीति पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मेरे पास कम समय रहा। हालांकि यह रक्षात्मक कार्य अब पूरा हो गया है और बैंक की बैलेंस शीट सुदृढ़ है। 31 मई, 2021 को मैं 1980 के दशक की पीढ़ी के अंतिम प्रतिनिधि के रूप में अपने कार्यभार से विमुक्त हो जाऊंगा और मशाल 1990 के दशक की पीढ़ी को सौंप दूंगा। मुझे पूरा विश्वास है कि इस परिवर्तन से बैंक को एक ऊर्जावान, युवा और वृद्धि–उन्मुख मानसिकता वाला नेतृत्व मिलेगा, जो सुदृढ़ बैलेंस शीट से लाभान्वित होगा और बैंक को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा तथा आगामी वर्षों में इन उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए न सिर्फ हर संभव प्रयास करेगा, बल्कि भारत सरकार की उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन करेगा।

भारतीय निर्यातकों के लिए प्रमुख बाजारों में से पहले से ही संभलने लगे यूएस और यूरोप जैसे कुछ बाजारों में सुधार को देखते हुए मैं भारत की वापसी को लेकर आशान्वित हूं। हम, एक्ज़िम बैंक, यह समझते हैं कि जैसे–जैसे हम आगे बढ़ेंगे, यह साल हमारे लिए अच्छा साबित होता जाएगा और हम भारतीय निर्यातकों की वैश्विक आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने के लिए आशान्वित हैं।

बैंक के प्रत्येक कर्मचारी के समर्पण और योगदान के लिए मैं अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं और सराहना करता हूं, जो इस बेहद मुश्किल घड़ी में भी मजबूती से अपने काम पर डटे रहे और बेहतरीन प्रदर्शन किया। दुर्भाग्यवश, कोविड-19 के चलते हमने अपने कुछ स्टाफ और उनके परिजनों को खो दिया, जिसकी भरपाई कभी नहीं की जा सकती। समस्त एक्ज़िमाइट्स की विशेषज्ञता, अपने क्षेत्र का ज्ञान और प्रतिबद्धता ही बैंक की दृढ़ता का स्रोत है और आगामी वर्षों में यही दृढ़ता बैंक को प्रगति के मार्ग पर सफलतापूर्वक आगे ले जाएगी। बैंक और सभी एक्ज़िमाइट्स को भविष्य के लिए मेरी तरफ से शुभकामनाएं।

डेविड रस्कीना
18 मई, 2021

Trainee. I am deeply grateful for the generosity and kindness of eminent elder Eximites at all levels, who guided and taught me. I am also grateful to the Government of India, for reposing confidence in me to lead the Bank, first as Deputy Managing Director and then as Managing Director. A lasting regret for me is that a major share of my time and attention had to perforce be devoted to repairing the balance sheet and attacking the NPA problem, leaving me less time and attention to address growth and strategy. This defensive work is now over though, and the Bank's balance sheet is strong. On May 31, 2021, I lay down office as the last representative of the 1980s generation and pass the torch to the 1990s generation. I am confident that the change of guard will see an energetic, youthful, and growth-oriented mind-set that will leverage the strong balance sheet and take the Bank to new heights, leaving no stone unturned in the years ahead, to live up to, and in fact exceed, the expectations of the Government of India.

I am optimistic that India will bounce back given the recovery in some of the major markets for Indian exporters like the US and Europe which have already started recuperating. We at Exim Bank stand to believe that we are going to have a good year as we go ahead, and we look forward to partnering with Indian exporters in fulfilling their global aspirations.

I would like to express my gratitude and appreciation for the dedication and contribution of each and every employee of the Bank who stood tall during these extremely unprecedented times and performed exceedingly well. Sadly, we suffered losses to staff and their families on account of COVID-19, losses that can never be made up. The expertise, domain knowledge and commitment of all Eximites is a source of strength that will see the Bank grow from strength to strength in the years ahead. I wish the Bank, and all Eximites, all the very best for the future.

David Rasquinha
May 18, 2021

प्रबंधन
Management

मुख्य महाप्रबंधक
Chief General Managers

श्री मुकुल सरकार
Shri Mukul Sarkar

श्री डेविड सिनाटे
Shri David Sinate

श्री प्रहलादन अय्यर
Shri Prahalathan Iyer

सुश्री रीमा मारफतिया
Ms. Rima Marphatia

सुश्री मंजिरी भालेराव
Ms. Manjiri Bhalerao

सुश्री दीपाली अग्रवाल
Ms. Deepali Agrawal

श्री तरुण शर्मा
Shri Tarun Sharma

श्री गौरव भंडारी
Shri Gaurav Bhandari

श्री उत्पल गोखले
Shri Utpal Gokhale

(यथा 31 मार्च, 2021 / As on March 31, 2021)

महाप्रबंधक
General Managers

श्री टी. डी. सिवाकुमार
Shri T. D. Sivakumar

सुश्री मीना वर्मा
Ms. Meena Verma

श्री विक्रमादित्य उगरा
Shri Vikramaditya Ugra

श्री धर्मेन्द्र सचान
Shri Dharmendra Sachan

श्री सुजीत भाले
Shri Sujeet Bhale

सुश्री शिल्पा वाघमारे
Ms. Shilpa Waghmare

श्री उदय शिंदे
Shri Uday Shinde

श्री लोकेश कुमार
Shri Lokesh Kumar

श्री सरोज खुंटिया
Shri Saroj Khuntia

श्री रिकेश चंद
Shri Rikesh Chand

श्री निर्मित वेद
Shri Nirmit Ved

श्री दयानन्द शेट्टी
Shri Dayanand Shetty

सुश्री मेघना जोगलेकर
Ms. Meghana Joglekar

सुश्री प्रीति थॉमस
Ms. Priti Thomas

(यथा 31 मार्च, 2021 / As on March 31, 2021)

आर्थिक परिवेश
Economic Environment

वैश्विक अर्थव्यवस्था

पिछले एक वर्ष में दुनिया बहुत तेजी से बदली है। कोविड-19 महामारी ने दुनिया को तेजी से अपनी चपेट में ले लिया और वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए अप्रत्याशित चुनौती खड़ी कर दी। स्वास्थ्य संकट, बड़े पैमाने पर आर्थिक दुष्परिणामों के फलस्वरूप आर्थिक संकट में तब्दील हो गया। कोविड-19 वायरस को फैलने से रोकने के लिए, वर्ष 2020 के अधिकतर महीनों के दौरान दुनिया के तमाम देशों ने सुरक्षित दूरी, क्वारंटीन और जरूरी तालाबंदी जैसे उपाय किए। अप्रैल 2021 में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के वर्ल्ड इकनॉमिक आउटलुक आकलन के अनुसार, 2020 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में 2019 की 2.8 प्रतिशत की वृद्धि दर की तुलना में 3.3 प्रतिशत की गिरावट आई। इसे 1930 की महामंदी के बाद सबसे बड़ी आर्थिक मंदी के रूप में देखा जा रहा है।

इसके बावजूद, 2020 के आखिरी के कुछ महीनों में, अधिकतर देशों ने तालाबंदी में ढील देते हुए, विस्तारकारी राजस्व और मौद्रिक नीतियों और टीकाकरण के जरिए आर्थिक सुधार का मार्ग अपनाया। तदनुसार, 2020 के उत्तरार्ध में दुनियाभर में व्यवसाय जगत के साथ-साथ उपभोक्ताओं के भरोसे में सुधार आया।

इस महामारी ने अधिकतर देशों को 2020 में मंदी की ओर धकेल दिया। आर्थिक सुधार की दिशा अलग-अलग क्षेत्रों और देशों में भिन्न रही है। इससे पता चलता है कि इस महामारी से उत्पन्न बाधाओं के साथ-साथ नीतिगत सहायता का स्वरूप भी अलग स्तर का रहा है। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में गिरावट वैविध्यपूर्ण रही है, जिसने मुख्य रूप से यूएस (2019 की 2.2 प्रतिशत की तुलना में 2020 में -3.5 प्रतिशत), यूरो क्षेत्र (2019 की 1.3 प्रतिशत की तुलना में 2020 में -6.6 प्रतिशत) और यूके (2019 की 1.4 प्रतिशत की तुलना में 2020 में -9.9 प्रतिशत) जैसी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित किया है। उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की विकास दर 2019 में 3.6 प्रतिशत रही थी, किन्तु 2020 में यह 2.2 प्रतिशत रह गई। दुनिया की तमाम बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में चीन एकमात्र ऐसा देश रहा, जो 2020 में 2.3 प्रतिशत की धनात्मक जीडीपी वृद्धि दर को छू पाया।

तेल की मांग और तेल की कीमतों में अभूतपूर्व गिरावट 2020 की एक और महत्त्वपूर्ण घटना रही। इस महामारी और इसे फैलने से रोकने के उपायों के चलते तेल की मांग और कीमतों में अप्रत्याशित गिरावट आई। मांग और

Global Economy

The world has changed dramatically in the last one year. The COVID-19 pandemic swiftly engulfed the world and has caused an unprecedented challenge to the global economy. The health crisis has spilled over to become an economic crisis with large-scale economic repercussions. In an effort to contain the spread of the COVID-19 virus, nations across the world implemented social distancing practices, quarantines, and necessary lockdown measures during most part of 2020. According to the estimates by the International Monetary Fund (IMF)'s World Economic Outlook in April 2021, the global economy contracted by 3.3 per cent in 2020, as compared to a growth rate of 2.8 per cent witnessed in 2019. This is considered to be the worst economic recession since the Great Depression of the 1930s.

Nevertheless, in the last few months of 2020 most nations had set out on a path to economic recovery, with easing of lockdowns, expansionary fiscal and monetary policies, and the prospect of vaccinations. Accordingly, business and consumer confidence had largely improved across the world in the latter part of 2020.

The pandemic plunged most countries into a recession in 2020. Economic recovery has varied across regions as well as countries, based on degree of the pandemic-induced disruptions and the extent of policy support. Among advanced economies, the weakening has been broad-based, affecting major economies notably the United States (-3.5 per cent in 2020, as against 2.2 per cent in 2019), Euro area (-6.6 per cent in 2020, as against 1.3 per cent in 2019), and the United Kingdom (-9.9 per cent in 2020, as against 1.4 per cent in 2019). Growth in the emerging and developing economies, which was at 3.6 per cent in 2019, contracted by 2.2 per cent in 2020. Among all the large economies in the world, China was the only country to show a positive GDP growth (2.3 per cent in 2020).

Another important feature of 2020 has been the historic collapse in oil demand and oil prices. The pandemic and efforts to contain it triggered

कीमतों में आई इस गिरावट का ऊर्जा और औद्योगिक वस्तुओं के निर्यातकों पर खास तौर पर विपरीत प्रभाव पड़ा।

विश्व व्यापार

इस महामारी और इसके परिणामस्वरूप लगाए गए यात्रा और परिवहन प्रतिबंधों से 2020 में विश्व व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुआ। मात्रा की दृष्टि से 2020 में, वस्तुओं और सेवाओं के वैश्विक व्यापार में 8.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जबकि 2019 में इसमें 0.9 प्रतिशत की मामूली वृद्धि देखी गई थी। यह गिरावट 2009 के वैश्विक वित्तीय संकट के समान है।

वैश्विक मर्चेंडाइज व्यापार में मात्रा की दृष्टि से गिरावट दर्ज की गई। वर्ष 2019 में 0.3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी के बाद वर्ष 2020 में 5.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। तदनुसार, वर्ष 2020 में विश्व मर्चेंडाइज निर्यात 17.2 ट्रिलियन यूएस डॉलर का रहा। इसमें 7.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। परिवहन, लॉजिस्टिक्स, आतिथ्य और उड्डयन जैसे संपर्क-गहन क्षेत्रों में तीव्र गिरावट देखी गई।

विश्व वाणिज्यिक सेवा निर्यात वर्ष 2020 में 4.9 ट्रिलियन यूएस डॉलर का रहा, जिसमें 19.5 प्रतिशत की गिरावट आई। सेवा व्यापार विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रतिबंधों के कारण गिरा। यात्रा प्रतिबंधों के कारण भौतिक उपस्थिति की अनिवार्यता वाली सेवाओं की डिलीवरी बाधित हुई।

भारतीय अर्थव्यवस्था

वित्तीय वर्ष 2020-21 भारत के लिए भी असाधारण रहा। मार्च 2020 से सबसे सख्त तालाबंदी लागू करने वाले देशों में से एक रहे भारत को पिछले कई दशकों में पहली बार मंदी का सामना करना पड़ रहा है। वित्तीय वर्ष 2020-21 की पहली तिमाही में ही दोहरे अंकों में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, दूसरी तिमाही में सुधारात्मक उपायों के साथ-साथ तालाबंदी को चरणबद्ध तरीके से खोलने और बाधित हुई मांग के धीरे-धीरे बढ़ने से भारत वित्तीय वर्ष 2020-21 की तीसरी तिमाही में 'तकनीकी मंदी' से बाहर आ गया। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020-21 की पूर्ण अवधि के दौरान भारत की अर्थव्यवस्था में 7.3 प्रतिशत की गिरावट आंकी गई।

जीडीपी के घटकों में सबसे अधिक प्रभाव सेवाओं और उद्योग (मुख्यतः विनिर्माण) क्षेत्रों पर पड़ा। सकल मूल्य

an unprecedented collapse in oil demand and a crash in oil prices. Exporters of energy or industrial commodities were particularly hard hit due to a severe terms-of-trade shock.

World Trade

The slump in activity due to the pandemic and the resultant restrictions imposed on travel and movement severly affected global trade in 2020. In volume terms, global trade in goods and services contracted by 8.5 per cent in 2020, down from a modest 0.9 per cent growth in 2019, a drop similar to that witnessed during the global financial crisis in 2009.

Global merchandise trade in volume terms registered a decline of 5.1 per cent in 2020, after rising by 0.3 per cent in 2019. Accordingly, the dollar value of world merchandise exports in 2020 fell by 7.4 per cent to US$ 17.2 trillion. Contact-intensive sectors such as transportation, logistics, hospitality and aviation, especially witnessed a sharp contraction.

Services exports declined by 19.5 per cent in 2020 to US$ 4.9 trillion. Services trade was especially weighed down by international travel restrictions, which prevented the delivery of services requiring physical presence or face-to-face interaction.

Indian Economy

The financial year 2020-21 has been an unusual year for India as well. India, which had one of the strictest nationwide lockdowns since March 2020, moved into recession for the first time in several decades, with a double-digit contraction in the first quarter of FY 2020-21. However, with the phased easing of lockdowns from the second quarter, and the gradual release of pent-up demand, alongside reform measures, India rebounded out of a 'technical recession' in Q3 of FY 2020-21. India's economy is estimated to have contracted by 7.3 per cent for the full year FY 2020-21, as per data from the Ministry of Statistics and Programme Implementation, Government of India.

Among the components of GDP, services and industry (mainly manufacturing) sectors were the most affected, registering a contraction of around

वर्धन की दृष्टि से दोनों क्षेत्रों में क्रमशः 8.4 प्रतिशत और 1.0 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। व्यापार, आतिथ्य, परिवहन, संचार और प्रसारण संबंधी सेवाएं और निर्माण क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित हुए, जिनमें दोहरे अंकों में गिरावट दर्ज की गई। निर्माण, खनन एवं उत्खनन और विनिर्माण क्षेत्र में 7.0 से 9.0 प्रतिशत तक की गिरावट आई।

कृषि एकमात्र क्षेत्र रहा, जिसमें 3.6 प्रतिशत की धनात्मक वृद्धि दर्ज की गई। इस महामारी के दौरान कृषि क्षेत्र न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था की गति को बरकरार रखने में सहायक रहा, बल्कि कोविड-19 तालाबंदी के बाद शहरों से गांवों को भारी संख्या में पलायन कर गए मजदूरों को रोजगार देने में भी मददगार रहा।

विदेश व्यापार के मामले में, वित्तीय वर्ष 2020-21 में भारत का समग्र मर्चेंडाइज निर्यात 7.1 प्रतिशत की गिरावट के साथ 291.1 बिलियन यूएस डॉलर का रहा। वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान निर्यातों को बनाए रखने में सहायक रहे क्षेत्रों में अन्य के साथ-साथ अयस्क और खनिज (41.1 प्रतिशत की वृद्धि), कृषि और संबद्ध उत्पाद (23.7 प्रतिशत), मूल धातुएं (15.7 प्रतिशत), रसायन और संबद्ध उत्पाद (7.2 प्रतिशत) और पत्थर, प्लास्टर, सीमेंट की वस्तुएं (7.2 प्रतिशत) जैसे क्षेत्र शामिल रहे। वहीं दूसरी ओर, ऐसे क्षेत्र जिनमें उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई, उनमें पेट्रोलियम उत्पाद (37.6 प्रतिशत), रत्न एवं आभूषण (27.5 प्रतिशत), परिवहन उपकरण (14.6 प्रतिशत), टेक्सटाइल उत्पाद (10.0 प्रतिशत), मशीनरी (7.4 प्रतिशत) और इलेक्ट्रॉनिक वस्तु (5.2 प्रतिशत) जैसे क्षेत्र शामिल रहे, जिनका भारत के निर्यातों में प्रमुख हिस्सा रहता है।

वर्ष के दौरान, न्यून घरेलू मांग के चलते, विशेष रूप से मध्यवर्ती और पूँजी-गहन वस्तुओं के मामले में आयातों में निर्यातों से अधिक गिरावट आई। भारत के आयात वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान गत वर्ष की तुलना में 17.1 प्रतिशत की गिरावट के साथ 393.6 बिलियन यूएस डॉलर के रहे। वनस्पति तेलों के आयातों में वृद्धि के चलते वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान केवल कृषि और संबद्ध क्षेत्र के आयातों में 2.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। ऐसे क्षेत्र जिनका भारत के आयातों में प्रमुख हिस्सा है और जिनमें गिरावट दर्ज की गई, उनमें-पेट्रोलियम उत्पादों (मुख्य रूप से क्रूड) में 37.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके बाद क्रमशः अयस्क और खनिज (23.8 प्रतिशत), मशीनरी (20.2 प्रतिशत), मूल धातुएं

8.4 per cent and 7.0 per cent, respectively, in terms of gross value added. Trade, hospitality, transport, communication and broadcasting related services were the most impacted, registering a double-digit contraction. Construction, mining and quarrying and manufacturing witnessed a contraction in the range of 7.0 to 9.0 per cent.

Agriculture was the only sector to maintain positive growth at 3.6 per cent. The healthy performance of the agricultural sector has not only helped in sustaining the Indian economy during the pandemic, but also accommodated the excess labour from urban areas after the COVID-19 lockdown.

On the external front, India's overall merchandise exports declined by 7.1 per cent to US$ 291.1 billion in FY 2020-21. Sectors which drove exports during FY 2020-21 were ores and minerals (record a growth of 41.1 per cent), agriculture and allied products (23.7 per cent), base metals (15.7 per cent), chemicals and related products (7.2 per cent) and articles of stone, plaster, cement (7.2 per cent), among others. On the other hand, sectors like petroleum products (recorded a contraction of 37.6 per cent), gems and jewellery (27.5 per cent), transport equipment (14.6 per cent), textile products (10.0 per cent), machinery (7.4 per cent) and electronic items (5.2 per cent each), which account for a major share in India's export basket, have registered significant contraction.

Imports contracted more than exports due to weaker domestic demand during the year, especially for the intermediate and capital-intensive goods. India's imports declined by 17.1 per cent over the previous year to US$ 393.6 billion during 2020-21. Import growth during 2020-21 was positive only for the agriculture and allied sector at 2.9 per cent, on account of the increase in import of vegetable oils. Other sectors, which account for a major share in India's import basket, have contracted – petroleum products (mainly crude) by 36.7 per cent, followed by ores and mineral (23.8 per cent), machinery (20.2 per cent), base metals (16.6 per cent), plastic and its

(16.6 प्रतिशत), प्लास्टिक और प्लास्टिक की वस्तुएं (7.3 प्रतिशत) और परिवहन उपकरण (32.9 प्रतिशत) जैसे क्षेत्र शामिल रहे। कुल मिलाकर वर्ष 2020-21 के दौरान भारत का व्यापार घाटा पिछले वर्ष के 161.3 बिलियन यूएस डॉलर से घटकर 102.5 बिलियन यूएस डॉलर का रहा।

यात्रा और परिवहन सेवा निर्यातों के बुरी तरह प्रभावित होने से भारत के सेवा निर्यातों में वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान 3.3 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और ये 206.1 बिलियन यूएस डॉलर के रहे। तथापि, डिजिटल काम बढ़ने से सॉफ्टवेयर सेवा निर्यात वित्तीय वर्ष 2020-21 में 4.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 100.0 बिलियन यूएस डॉलर के रहे।

भारत के व्यापार परिदृश्य में आए इस असाधारण परिवर्तन से वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान चालू खाता अधिशेष रहा। यह 24.0 बिलियन यूएस डॉलर या दूसरे शब्दों में कहें तो जीडीपी का 0.9 प्रतिशत रहा।

कोविड–19 महामारी के बीच विदेश व्यापार की दृष्टि से भारत का मैक्रो–इकनॉमिक लचीलापन वित्तीय जोखिमों को कुछ हद तक कम करने में सहायक रहा है। वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान 81.7 बिलियन यूएस डॉलर की प्रत्यक्ष विदेश निवेश आवक हुई, जो भारत की दीर्घकालिक वृद्धि में निवेशकों के विश्वास को दर्शाती है। इसमें महामारी के बावजूद पिछले वर्ष की तुलना में 9.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। तथापि, अधिकांश बढ़ोत्तरी ग्रीनफील्ड निवेश की तुलना में विलय एवं अधिग्रहण के चलते रही। दुनियाभर में प्रोत्साहन पैकेजों के चलते आई अतिरिक्त वैश्विक तरलता से विदेशी पोर्टफोलियो निवेश भी बढ़ा। यह वित्तीय वर्ष 2019-20 के 0.6 बिलियन यूएस डॉलर की तुलना में वित्तीय वर्ष 2020-21 में 38.1 बिलियन यूएस डॉलर का रहा।

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर यथा 31 मार्च, 2021 को 579.3 बिलियन यूएस डॉलर का हो गया, जो लगभग 17 महीनों के आयातों के अनुरूप है। वहीं, यथा 31 मार्च, 2021 को सरकार का विदेशी ऋण, जीडीपी का 4.0 प्रतिशत रहा और भारत का विदेशी ऋण वैसे ही बना रहा। भारत का विदेशी ऋण मार्च 2020 में 558.4 बिलियन यूएस डॉलर का था, जो मार्च 2021 के अंत में बढ़कर 570.0 बिलियन यूएस डॉलर का हो गया।

वित्तीय वर्ष 2020-21 की अंतिम तिमाही (जनवरी से मार्च) में भारतीय अर्थव्यवस्था का मुख्य फोकस

articles (7.3 per cent), and transport equipment (32.9 per cent). Overall, India's trade deficit during 2020-21 stood at US$ 102.5 billion, narrowing from US$ 161.3 billion in the previous year.

India's services exports contracted by 3.3 per cent to US$ 206.1 billion during 2020-21 as travel and transport services exports were severely affected. However, due to the increased digital modes of work, software services exports in FY 2020-21 have grown by 4.1 per cent to US$ 100.0 billion.

This unusual shift in India's trade dynamics resulted in India registering a current account surplus of US$ 24.0 billion or 0.9 per cent of GDP during FY 2020-21.

India's macroeconomic resilience on the external front has helped mitigate its financial risks to some extent, amidst the COVID-19 pandemic. Investor confidence in India's long-term growth was reflected by the robust foreign direct investment (FDI) inflows of US$ 81.7 billion during FY 2020-21, registering an increase of 9.8 per cent over the previous year, notwithstanding the pandemic. However, much of the increase was due to mergers and acquisitions, as compared to greenfield investment. Surplus global liquidity triggered by the stimulus packages across the world, resulted in foreign portfolio investment (FPI) increasing from US$ 0.6 billion in FY 2019-20 to US$ 38.1 billion in FY 2020-21.

The Ubharte Sitaare Programme (USP) was operationalised and companies across various sectors were supported. Banyan Sustainable Waste Management Pvt. Ltd. (right) is a manufacturer of 'near virgin quality' recycled plastic granules for consumer product packaging and ideaForge Technology (left) is one of India's largest manufacturer of drones for security, surveillance and industrial applications. Both companies were supported under USP.

निर्यात सुगमकर्ता एक्ज़िम बैंक

Exim Bank as a Facilitator of Exports

पूर्वोत्तर क्षेत्र में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों में क्षमता विकास के लिए एक्ज़िम बैंक-यूएनडीपी सहयोग

बैंक और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) मिलकर पूर्वोत्तर भारत में निर्यात स्पर्धात्मकता के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों में क्षमता विकास संबंधी एक परियोजना का क्रियान्वयन कर रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य निर्यातों को बढ़ाने के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को सुदृढ़ करना है। इस कार्यक्रम की प्रमुख रणनीति भारत सरकार की 'एक्ट ईस्ट' नीति के अंतर्गत उभरते अवसरों को चिह्नित करना है। परियोजना में असम और मिजोरम राज्यों पर फोकस किया गया है।

वर्ष 2020-21 के दौरान इस परियोजना के अंतर्गत कुछ प्रमुख पहलों में कोविड-19 के चलते सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के सामने आने वाली चुनौतियों को चिह्नित करना, क्रेता-विक्रेता बैठकें आयोजित करना, क्षमता सृजन और ऑर्गेनिक खेती, टेक्सटाइल्स, हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्रों में तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना और विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा दिए जाने वाले लाभों की जानकारी उद्यमियों तक पहुंचाने के लिए 'एग्रोलूमक्राफ्ट' डेटाबेस के अंतर्गत प्लैटफॉर्म विकसित करने जैसी पहलें शामिल रहीं। इस परियोजना के अंतर्गत विशेष रूप से पीपीई किट उत्पादन के लिए आइज़ोल के बुनकरों के लिए उत्पाद विशाखन हेतु आयोजित कौशल विकास कार्यक्रम, क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का उल्लेखनीय उदाहरण है। ये पीपीई किट आज इस क्षेत्र के विभिन्न सरकारी संगठनों को प्रदान की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, एक्ज़िम बैंक-यूएनडीपी सहयोग तंत्र के अंतर्गत 'पूर्वोत्तर भारत में एमएसएमई क्षेत्र पर कोविड-19 का प्रभाव' विषय पर अक्टूबर 2020

एक्ज़िम बैंक ने असम की 100 महिला किसानों के लिए यूएनडीपी के साथ मिलकर जैविक खेती पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।
Exim Bank, in partnership with UNDP, organised a training programme on organic farming for 100 women farmers in Assam.

Exim Bank - UNDP Co-operation on Capacity Building of MSMEs in the North East Region

The Bank and the United Nations Development Programme (UNDP) are jointly implementing a project on 'Capacity Building of MSMEs in North East India for Export Competitiveness'. The initiative aims at creating stronger MSMEs in the North East region to boost exports. The key strategy of this programme is to identify emerging opportunities under the Government of India's 'Act East Policy'. The project focuses on the states of Assam and Mizoram.

Some of the key initiatives under this project during 2020-21 include conducting scoping studies to identify the issues faced by MSMEs due to COVID-19, organizing buyer-seller meetings, capacity building and technical training programmes in organic farming, textiles, handloom, and handicraft sectors, and setting up knowledge platform under "AgroLoomCraft" database for entrepreneurs to understand the benefits offered by various government departments. A notable example of the capacity building programmes under this project is the skill upgradation training programme organised for product diversification for weavers of Aizawl, especially for producing PPE kits, which are being supplied to various government organizations in the region. Additionally, a webinar on the 'Impact of COVID-19 in MSME Sector in the North East India: Challenges and Opportunities' was also organised in October 2020 under the aegis of Exim Bank

एक्ज़िम बैंक ने निकारागुआ सरकार को ट्रांसमिशन लाइनों और सब-स्टेशन के निर्माण के लिए 26.24 मिलियन यूएस डॉलर की ऋण-व्यवस्था प्रदान की।
Exim Bank extended an LOC of US$ 26.24 milion to the Government of Nicaragua for construction of transmission lines and substation.

एक्ज़िम बैंक ने मॉरीशस सरकार को भारत से रक्षा संबंधी वस्तुओं की खरीद के वित्तपोषण के लिए 100 मिलियन यूएस डॉलर की ऋण-व्यवस्था प्रदान की।
Exim Bank extended an LOC of US$ 100 million to the Government of Mauritius for the purpose of financing procurement of defence items from India.

में वेबिनार भी किया गया, ताकि उन उद्यमों के सामने आई चुनौतियों और अनुभवों को साझा किया जा सके और अवसरों का पता लगाया जा सके। इस परियोजना के अंतर्गत असम, मिज़ोरम और नगालैंड के चुनिंदा उद्यमियों की प्रभावोत्पादक कहानियों की कॉफी टेबल बुक बनाई गई और वेबिनार के दौरान इसका विमोचन किया गया।

एक्ज़िम मित्र

बैंक का एक्ज़िम मित्र पोर्टल निर्यातकों और आयातकों को विभिन्न व्यापार सूचना सेवाएं प्रदान करता है। यह पोर्टल सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के उद्यमियों के बीच व्यापार वित्त और ऋण बीमा की उपलब्धता तथा सूचनाओं की विषमता को कम करने की दिशा में किया गया प्रयास है। इस पोर्टल पर व्यापार से संबंधित व्यापक डाटा और जानकारी उपलब्ध कराई जाती है, ताकि उपयोक्ता अपने व्यवसायों के अंतरराष्ट्रीयकरण प्रयासों के लिए एक सूझबूझ भरा निर्णय ले सकें। इस पोर्टल पर उपलब्ध कराई जाने वाली इन जानकारियों में अन्य के साथ-साथ विभिन्न उत्पादों की मांग और उनके बाजारों; बाजार मानकों, सैनिटरी/फाइटोसैनिटरी अपेक्षाओं; यूएसए और यूरोपीय संघ जैसे प्रमुख बाजारों में नियमों और विनियमों; विभिन्न क्षेत्रों में सरकारी प्रोत्साहनों; हैंडहोल्डिंग एजेंसियों के लिए संपर्क सूत्रों; दुनियाभर से शिपमेंट की लागत और उसमें लगने वाले समय की जानकारी तथा देशों की रेटिंग की जानकारियां शामिल होती हैं।

बैंक निर्यातकों को सूचनाएं और जानकारियां प्रदान करने के लिए भारत में वाणिज्यिक बैंकों, वित्तीय संस्थाओं और ऋण बीमा एजेंसियों के साथ भी मिलकर काम

डॉ. सौमित्रो चटर्जी (बाएं), अर्थशास्त्र के सहायक प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग (पेन्सिल्वेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी) और डॉ. एडम याओ लिउ (दाएं), ली कुआन यू स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी (नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर) को एक्ज़िम बैंक के क्रमशः अंतरराष्ट्रीय आर्थिक शोध वार्षिक पुरस्कार 2019 और ब्रिक्स आर्थिक शोध पुरस्कार 2020 का विजेता चुना गया।
Dr. Shoumitro Chatterjee (left), Assistant Professor of Economics, Department of Economics (Pennsylvania State University) and Dr. Adam Yao Liu (right), Assistant Professor at Lee Kuan Yew School of Public Policy (National University of Singapore) were adjudged the winners of Exim Bank's International Economic Research Award 2019 and BRICS Economic Research Award 2020, respectively.

UNDP co-operation mechanism, for exchanging knowledge and experiences on the challenges faced by MSMEs and exploring opportunities. A coffee table book compiling impact stories of selected entrepreneurs from Assam, Mizoram and Nagaland under the project was launched during the webinar.

Exim Mitra

The Bank's Exim Mitra portal provides exporters and importers a wide range of trade information services. The portal contributes towards reducing the asymmetry in information and availability of trade finance and credit insurance facilities amongst MSME entrepreneurs. The platform also provides exhaustive trade-related data and information, allowing users to make informed decisions for their internationalization efforts. This, inter alia, includes assessment of demand across products and markets; information pertaining to market standards, sanitary/ phytosanitary requirements; rules and regulations in key markets, like the USA and the EU; government incentives across various sectors; relevant contact information of handholding agencies; cost and duration of shipments from across the globe, and country ratings.

एक्ज़िम बैंक के व्यापार सुगमीकरण पोर्टल 'एक्ज़िम मित्र' को विकास वित्त संस्थाओं के लैटिन अमेरिकी संघ द्वारा गैर-क्षेत्रीय श्रेणी में विकास वित्त संस्थाओं में सर्वश्रेष्ठ पद्धतियों के लिए पुरस्कृत किया गया।
Exim Bank's trade facilitation portal, Exim Mitra, was conferred an award for best practices in development finance institutions in the extra-regional category by the Latin American Association of Development Financing Institutions.

करता है। बैंक ने इस पोर्टल के जरिए वित्तीय सेवाओं को सुगम बनाने के लिए 16 बैंकों/वित्तीय संस्थाओं के साथ साझेदारी की है।

31 मार्च, 2021 तक एक्ज़िम मित्र के जरिए विभिन्न उद्योग खंडों के निर्यातकों के 1050 से अधिक सवालों के जवाब दिए जा चुके हैं। इनमें से अधिकांश सवाल कृषि और खाद्य उत्पादों तथा टेक्सटाइल और गारमेंट जैसे श्रम गहन क्षेत्रों में एमएसएमई निर्यातकों की ओर से रहे हैं।

वर्ष 2020-21 के दौरान बैंक ने मासिक ई-न्यूज़लेटर 'एक्ज़िम कनेक्ट' के जरिए निर्यात संबंधी सूचनाओं के प्रसार की पहल की है। इसमें किसी क्षेत्र पर फोकस के साथ, व्यापार संबंधी नवीनतम अधिसूचनाएं, विदेश व्यापार के मुख्य समाचार, एफएक्यू, आगामी कार्यक्रमों और एसपीएस तथा टीबीटी अलर्ट की जानकारियां होती हैं।

व्यवसाय उत्कृष्टता पुरस्कार

1994 में बैंक और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), किसी भारतीय कंपनी द्वारा अपनाई गई उत्कृष्ट गुणवत्ता प्रबंधन पद्धतियों (टीक्यूएम) के लिए सीआईआई-एक्ज़िम बैंक व्यवसाय उत्कृष्टता पुरस्कार के जरिए भारतीय कंपनियों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए साथ आए। यह पुरस्कार यूरोपियन फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट (ईएफक्यूएम) मॉडल पर आधारित है। 2020 में 8 कंपनियों को अलग-अलग स्तरों पर पुरस्कृत किया गया। गोदरेज एंड बॉइस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड के गोदरेज प्रिसिज़न इंजीनियरिंग डिविज़न को व्यवसाय

लूम्स ऑफ लद्दाख वीमेन्स कॉपरेटिव को एक्ज़िम बैंक द्वारा प्रदत्त सहायता के लिए बैंक को एशिया और प्रशांत में विकास वित्त संस्थाओं के संघ (एडफिएप) द्वारा 'स्थानीय आर्थिक विकास' के लिए 'उत्कृष्ट विकास परियोजना पुरस्कार' के अंतर्गत मेरिट पुरस्कार प्रदान किया गया।
Exim Bank's support to Looms of Ladakh Women's Cooperative was conferred a merit award under the Outstanding Development Project Awards for 'Local Economic Development' by Association of Development Financing Institutions in Asia and the Pacific.

The Bank also works closely with the commercial banks and credit insurance agencies to provide information and guidance to exporters. The Bank has partnered with 16 banks/financial institutions for facilitating financial services through the portal.

The portal also has a helpline section to cater to specific queries of exporters and importers. As of March 31, 2021, Exim Mitra has addressed more than 1050 queries of exporters from various industrial segments. A majority of the queries have been from MSME exporters in labour intensive sectors such as agro and food products, and textile and garments.

During 2020-21, the Bank started dissemination of export-related information through a monthly e-newsletter, 'Exim Connect'. The e-newsletter comprises information pertaining to a focus sector, latest trade notifications, foreign trade news highlights, FAQs, forthcoming events, and SPS and TBT alerts.

Award for Business Excellence

The Bank and the Confederation of Indian Industry (CII) joined hands in 1994, to promote 'excellence' among Indian companies through the 'CII-Exim Bank Award for Business Excellence' for best Total Quality Management practices adopted by an Indian company. The Award is based on the European Foundation for Quality Management model. In 2020, there were eight companies which received varying

उत्कृष्टता के लिए सीआईआई–एक्ज़िम बैंक पुरस्कार के लिए चुना गया।

अंतरराष्ट्रीय आर्थिक शोध वार्षिक पुरस्कार

बैंक द्वारा अंतरराष्ट्रीय आर्थिक शोध वार्षिक (ईरा) पुरस्कार की स्थापना 1989 में की गई थी। इसका उद्देश्य भारतीय और विदेशी विश्वविद्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में भारतीय नागरिकों द्वारा अंतरराष्ट्रीय अर्थशास्त्र, व्यापार, विकास और संबद्ध वित्तपोषण के क्षेत्र में शोध और डॉक्टरेट की डिग्री को बढ़ावा देना है। इस पुरस्कार के अंतर्गत ₹ 350,000 की राशि तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। वर्ष 2019 के पुरस्कार विजेता डॉ. सौमित्रो चटर्जी रहे। उन्हें यह पुरस्कार 'व्यापार और विकास अर्थशास्त्र पर आलेख' शीर्षक वाली उनकी डॉक्टोरल थीसिस के लिए प्रदान किया गया। डॉ. चटर्जी ने प्रिंसटन विश्वविद्यालय, यूएसए से 2018 में अपनी डिग्री हासिल की थी।

भारतीय एक्ज़िम बैंक ब्रिक्स आर्थिक शोध वार्षिक पुरस्कार

वर्ष 2016 में ब्रिक्स अंतरबैंक सहयोग तंत्र के अंतर्गत भारत की अध्यक्षता के दौरान बैंक ने 'ब्रिक्स आर्थिक शोध वार्षिक पुरस्कार' (ब्रिक्स पुरस्कार) की स्थापना की। इसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय अर्थशास्त्र, व्यापार, विकास और संबद्ध वित्तपोषण के क्षेत्र में ब्रिक्स सदस्य

levels of recognition. Godrej Precision Engineering Division of Godrej & Boyce Mfg. Co. Ltd. was adjudged the winner of the CII-Exim Bank Award for business excellence.

International Economic Research Annual Award

The International Economic Research Annual (IERA) Award was instituted by the Bank in 1989. The objective of the Award is to promote research in international economics, trade, development, and related financing, by Indian nationals at universities and academic institutions in India and abroad, leading to a doctorate degree. The Award consists of a sum of ₹ 350,000 and a citation. The winner for the year 2019 was Dr. Shoumitro Chatterjee, for his doctoral thesis titled 'Essays in Trade and Development Economics'. Dr. Chatterjee received his degree in 2018 from Princeton University, USA.

Exim Bank of India BRICS Economic Research Annual Award

During India's Presidency under the BRICS Interbank Co-operation Mechanism in 2016, the Bank instituted the BRICS Economic Research Annual Award (BRICS Award), with an objective to encourage and stimulate advanced doctoral

बैंक ने अंगूरों की देसी किस्मों को बढ़ावा देने के लिए नासिक और निकटवर्ती गांवों के 250 से अधिक किसानों के लिए श्रृंखलाबद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए सहायता प्रदान की।

The Bank supported a series of training programmes for over 250 farmers in Nashik and nearby villages, to promote and support indigenous grapes varieties.

देशों के लिए प्रासंगिक समसामयिक विषयों पर केंद्रित उन्नत डॉक्टोरल शोध को प्रोत्साहित करना है। पुरस्कारस्वरूप एक प्रशस्ति पत्र और बैंक द्वारा प्रायोजित ₹ 1.50 मिलियन की सम्मान राशि प्रदान की जाती है। यह पुरस्कार ब्रिक्स के पांचों देशों के नागरिकों द्वारा किए गए उनके उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए प्रदान किया जाता है। वर्ष 2020 के लिए यह पुरस्कार डॉ. एडम याओ लिउ को 'नियंत्रित संस्थाओं में बाजार निर्माणः चीन में बैंकिंग विकास की राजनीतिक अर्थव्यवस्था' शीर्षक वाली उनकी डॉक्टोरल थीसिस के लिए दिया गया। डॉ. लिउ ने यूएसए स्थित स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से 2018 में अपनी डिग्री हासिल की थी।

research on topics of contemporary relevance to the member nations of BRICS, in the field of international economics, trade, development and related financing. The Award, comprising a citation and prize money of ₹ 1.50 million is sponsored by the Bank. The Award is open to nationals of any of the five member nations of BRICS, for exemplary doctoral research work. The winner of the Award for the year 2020 was Dr. Adam Yao Liu, for his doctoral thesis titled 'Building Markets within Authoritarian Institutions: The Political Economy of Banking Development in China'. Dr. Liu received his degree in 2018 from Stanford University, USA.

निर्यात संवर्धक एक्ज़िम बैंक

Exim Bank as a Promoter of Exports

शोध एवं विश्लेषण

बैंक का शोध एवं विश्लेषण समूह अंतरराष्ट्रीय अर्थशास्त्र, व्यापार और निवेश के विभिन्न पहलुओं पर क्वालिटेटिव और क्वांटिटेटिव शोध तकनीकों के जरिए शोध अध्ययन करता है। इस समूह द्वारा ये शोध अध्ययन मुख्य रूप से क्षेत्रीय, उद्योग खंड और नीति संबंधी श्रेणियों के अंतर्गत किए जाते हैं और इन्हें प्रासंगिक आलेखों तथा कार्यकारी आलेखों, पुस्तकों आदि के रूप में प्रकाशित किया जाता है। वर्ष के दौरान, उन्नीस शोध अध्ययन प्रकाशित किए गए, जो निम्नलिखित हैं:

1. सीएलएमवी में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकासः भारत के लिए अवसर
2. भारत-जापान व्यापार संबंधों को बढ़ाने के लिए संभावनाएं
3. ब्रिक्सः व्यापार, निवेश और व्यवसाय सहयोग को बढ़ाना
4. भारत-बांग्लादेश साझेदारी को मजबूत करनाः क्षेत्रीय विकास की राह प्रशस्त करना
5. मूल्य श्रृंखला का सृजनः भारत और आसियान के लिए अवसर
6. भारत-अफ्रीका स्वास्थ्य सेवाएं: संभावनाएं और अवसर
7. दुर्लभ मृदा तत्वों का संरक्षण करता भारत
8. भारत में डिजिटल विनिर्माण
9. भारतीय वस्त्र क्षेत्रः परिचय और आगामी रणनीति
10. भारत से कृषि निर्यातों का संवर्धन
11. विश्व व्यापार संगठनः विश्व व्यापार और भारत
12. चीन में बैंक के विस्तार का राजनीतिक उद्भव और फर्म-स्तर के प्रभाव
13. काउंटर-व्यापार रणनीतिः अंतरराष्ट्रीय तुलनात्मक अध्ययन और भारतीय परिप्रेक्ष्य

Research and Analysis

The Bank's Research and Analysis Group offers a range of insights on aspects of international economics, trade and investments through qualitative and quantitative research techniques. The research work carried out by the Group under the broad classification of regional, sectoral and policy related studies, are published in the form of Occasional Papers, Working Papers, special publications and books, among others. Nineteen research studies were published during the year. These include the following:

1. Building Infrastructure in CLMV: Opportunities for India
2. Prospects for Enhancing India-Japan Trade Relations
3. BRICS: Promoting Trade, Investment and Business Cooperation
4. Strengthening India-Bangladesh Partnership: Paving the Way for Regional Development
5. Building Value Chain: Opportunities for India and ASEAN
6. India-Africa Healthcare: Prospects and Opportunities
7. India Securing Rare Earth Elements
8. Digital Manufacturing in India
9. Indian Apparel Sector - Overview and Way Forward
10. Promoting Agriculture Exports from India
11. WTO: World Trade and India

एक्ज़िम बैंक ने 'भारत-जीसीसी संबंधों को बढ़ानाः परियोजना निर्यात और अन्य संभावनाएं' विषय पर आयोजित वेबिनार के दौरान 'जीसीसी देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना' शीर्षक से शोध अध्ययन का विमोचन किया।
Exim Bank released a study titled 'Enhancing India's Bilateral Relations with the GCC Countries: Trends in Trade, Migration and Remittances' during a webinar on 'Enhancing India-GCC Relations: Prospects in Project Exports and Beyond'.

14. भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर कोविड-19 का प्रभावः रणनीतियां और नीतिगत परिप्रेक्ष्य
15. आत्मनिर्भर भारतः दृष्टिकोण और रणनीतिक क्षेत्र
16. भारत में मंडियां, प्रतिस्पर्धा और किसानों की आय
17. केरल से निर्यातों का संवर्धनः विश्लेषण और नीतिगत परिप्रेक्ष्य
18. पूर्वोत्तर भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमः निर्यात स्पर्धात्मकता के लिए क्षमता सृजन
19. कर्नाटक से निर्यातों को बढ़ाना

एक्सपोर्ट लीडिंग इंडेक्स

बैंक ने भारत के निर्यातों में आने वाले उतार–चढ़ावों का पूर्वानुमान लगाने और उनका ट्रैक रखने के उद्देश्य से एक्सपोर्ट लीडिंग इंडेक्स (ईएलआई) तैयार करने के लिए एक आंतरिक मॉडल विकसित किया है। ईएलआई देश के निर्यातों का आकलन करता है। इस मॉडल को देश के निर्यातों पर प्रभाव डालने वाले विभिन्न बाह्य एवं घरेलू कारकों को ध्यान में रखते हुए देश के वस्तु निर्यातों और गैर–तेल निर्यातों में तिमाही आधार पर वृद्धि का पूर्वानुमान लगाने के लिए विकसित किया गया है।

बैंक के ये पूर्वानुमान हर तिमाही में पूर्ववर्ती तिमाही के लिए जून, सितंबर, दिसंबर और मार्च के पहले सप्ताह में जारी किए जाते हैं। इस मॉडल में निरंतर सुधार किया जाता है। इस मॉडल से प्राप्त परिणाम अन्य के साथ–साथ नीति निर्माताओं, शोधार्थियों और निर्यातकों के लिए उपयोगी हो सकते हैं।

सूचना और सलाहकारी सेवाएं

बैंक कई प्रकार की सूचना, सलाहकारी और सहायता सेवाएं प्रदान करता है। ये सेवाएं जहां बैंक के वित्तपोषण कार्यक्रमों की पूरक हैं, वहीं पॉलिसी बैंक के रूप में बैंक की भूमिका को भी रेखांकित करती हैं। ये सेवाएं बैंक के हितधारकों को प्रदान की जाती हैं, जिनमें राज्य सरकारें, भारतीय सार्वजनिक और निजी क्षेत्र तथा विदेशी संस्थाएं शामिल हैं। इन सेवाओं में राज्य सरकारों के लिए नीतिगत सुझाव और शोध अध्ययन, बाजार संबंधी सूचनाएं, क्षेत्र और व्यवहार्यता अध्ययन, प्रौद्योगिकी आपूर्तिकर्ताओं को चिह्नित करना, साझेदार तलाशना, क्षमता निर्माण, निवेश सुगमीकरण तथा भारत और विदेश में संयुक्त उद्यमों का विकास शामिल है। बैंक विकासशील देशों की कई संस्थाओं को भी अपनी विशिष्ट सलाहकारी और परामर्शी सेवाओं के जरिए सहायता प्रदान करता है। वर्ष के दौरान, सऊदी एक्ज़िम बैंक ने अपने एक पूर्ववर्ती असाइनमेंट के अगले चरण के रूप में अपने उत्पादों के

12. The Political Origin and Firm-Level Consequences of Bank Proliferation in China
13. Countertrade Strategy: International Comparison and Indian Perspective
14. Impact of Covid-19 on India's International Trade: Strategies and Policy Perspectives
15. Self-Reliant India: Approach and Strategic Sectors to Focus
16. Mandis, Competition and Farmer Incomes in India
17. Promoting Exports from Kerala: Insights and Policy Perspectives
18. MSMEs in North East India: Capacity Building for Export Competitiveness
19. Strengthening Exports from Karnataka

Export Leading Index

The Bank had developed an in-house model to generate an Export Leading Index (ELI) for India to track and forecast the movement in India's exports. The ELI, gauges the outlook for the country's exports and forecasts growth in total merchandise and non-oil exports of the country, on a quarterly basis, based on several external and domestic factors that could impact exports of the country.

The Bank's forecasts are released during the first week of the months of June, September, December, and March, for the corresponding quarters, with continuous improvisation to the model. The results presented therefrom could be of interest to policy makers, researchers, and exporters, among others.

Information and Advisory Services

The Bank provides a wide range of information, advisory and support services, which complements its financing programmes, whilst also underlining its role as a policy Bank. These services are provided to the Bank's stakeholders including state governments, Indian public and private sector, and overseas entities. The scope of services includes policy inputs and papers for the state governments, market-related information, sector and feasibility studies, technology supplier identification, partner search, capacity building exercises, investment

भारत-अफ्रीका परियोजना भागीदारी पर 15वें सीआईआई-एक्ज़िम बैंक कॉन्क्लेव के दौरान माननीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर द्वारा एक्ज़िम बैंक के अध्ययन 'एएफसीएफटीए: अफ्रीका के आर्थिक एकीकरण में भारत के लिए अवसर' का विमोचन किया गया।
Exim Bank's study titled 'AfCFTA: Opportunities for India in Africa's Economic Integration' was released by Dr. S. Jaishankar, Hon'ble Minister for External Affairs at the 15th CII-Exim Bank Conclave on India-Africa Project Partnership, organised on a virtual platfrom.

मैनुअल और मूल्यांकन नीतियों की समीक्षा के लिए बैंक की सहायता ली। इस असाइनमेंट में पूर्ववर्ती असाइनमेंट के हिस्से के रूप में बैंक द्वारा सऊदी एक्ज़िम बैंक के लिए विकसित किए गए उत्पादों सहित अन्य एजेंसियों द्वारा विकसित किए गए उत्पादों की समीक्षा जैसे कार्य शामिल थे। सऊदी एक्ज़िम बैंक ने बैंक की अधिकांश संस्तुतियां स्वीकार कर लीं और अपने उत्पाद मैनुअल में समुचित संशोधन किए गए।

निर्यातों को बढ़ावा देने के लिए राज्यों को सहयोग

बैंक राज्य स्तर पर निर्यात निष्पादन और संभावनाओं का मूल्यांकन करने के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम करता रहा है और उन राज्यों की व्यापार स्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए रणनीतियां बनाता रहा है।

बैंक ने वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान दो राज्य स्तरीय शोध अध्ययन किए। इनमें नवीनतम शोध 'कर्नाटक से निर्यातों का संवर्धन' है। 'केरल से निर्यातों का संवर्धनः विश्लेषण और नीतिगत परिप्रेक्ष्य' शीर्षक से एक और शोध अध्ययन किया गया। इसका विमोचन उद्योग एवं वाणिज्य विभाग एवं नोरका, केरल सरकार के प्रमुख सचिव डॉ. के. एलंगोवन (आईएएस) द्वारा किया गया। एक्ज़िम बैंक ने निर्यात तैयारी सूचकांक (ईपीआई) के लिए नीति आयोग को भी इनपुट प्रदान किए, जो अगस्त 2020 में जारी किया गया। ईपीआई में भारतीय

facilitation and development of joint ventures both in India and abroad. The Bank also provides assistance to a number of institutions in the developing world through its well knitted advisory and consultancy services. During the year, Saudi Exim Bank sought India Exim Bank's support to review its Product Manuals and Assessment Policies, as a follow on to an earlier assignment. The scope of the assignment included review of products developed by the Bank for Saudi Exim Bank as part of the earlier assignment, and of products developed by other agencies. Saudi Exim Bank has accepted most of the recommendations made by the Bank and suitable modifications have been made in its product manuals.

Support to States for Promotion of Exports

The Bank has been engaging with state governments to evaluate their state-level export performance and potential, and outline strategies for development of their trade competitiveness.

The Bank, during FY 2020-21, undertook two State level export studies, the latest one being 'Strengthening Exports from Karnataka'. The

राज्यों की निर्यातों के संबंध में तैयारी और उनके निर्यात निष्पादन की पड़ताल की गई है। साथ ही चुनौतियों और अवसरों को चिह्नित किया गया है। इसके अतिरिक्त, सरकारी नीतियों की प्रभावशीलता बढ़ाने और राज्य स्तर पर सुगम विनियामकीय फ्रेमवर्क बनाने पर जोर दिया गया है।

एक्ज़िमिअस शिक्षण केंद्र

भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यापार और निवेश को सुगम बनाने के क्रम में भारतीय निर्यातकों और आयातकों की जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों, सेमिनारों और कार्यशालाओं के समन्वय और उनके क्रियान्वयन का उत्तरदायित्व बैंक के एक्ज़िमिअस शिक्षण केंद्र (ईसीएल) पर है।

ईसीएल ने वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान निर्यातकों के लिए 22 सेमिनारों का आयोजन किया। ये सेमिनार निर्यात क्षमता का सृजन, व्यवसाय अवसर, उद्योग, देश और क्षेत्र पर फोकस तथा भारतीय राज्यों से निर्यात संभावनाओं जैसे विषयों से संबंधित रहे। महामारी के चलते अधिकतर सेमिनार वर्चुअल प्लैटफॉर्म पर आयोजित किए गए।

बैंक ने 'चुनिंदा क्षेत्रों में निर्यातों के लिए नीतिगत बाधाओं को दूर करना' विषय पर वेबिनार किया। इस वेबिनार की अध्यक्षता माननीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल द्वारा की गई। उन्होंने निर्यातों में आई हालिया मंदी को दूर करने और वैश्विक बाजारों में भारतीय निर्यातकों की स्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए भारत सरकार द्वारा किए गए प्रयासों को रेखांकित किया। साथ ही, भारत सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान पर फोकस के अनुरूप बैंक ने 'आत्मनिर्भर भारत के लिए रणनीतियां' विषय पर वेबिनार किया। इसमें विनिर्माण उद्योग को गति प्रदान करने के लिए विभिन्न प्रस्तावित उपायों पर चर्चा की गई।

Study titled 'Promoting Exports from Kerala: Insights and Policy Perspectives' was released by Dr. K. Ellangovan (IAS), Principal Secretary, Department of Industries & Commerce and NORKA, Government of Kerala.

The Bank also provided inputs to the Niti Aayog for preparation of the Export Preparedness Index (EPI), which was released in August 2020. The EPI examines export preparedness and performance of Indian states; and intends to identify challenges and opportunities; enhance the effectiveness of government policies; and encourage a facilitative regulatory framework at the state level.

Eximius Centre for Learning

The Eximius Centre for Learning (ECL) is responsible for the overall conduct, coordination and implementation of programmes, seminars and workshops for Indian exporters and importers to enhance their awareness, and thereby facilitate India's international trade and investment.

During the financial year 2020-21, ECL conducted 22 seminars for exporters, with themes broadly classified into export capability creation, business opportunities, industry, country and region focus, and export potential of Indian states. Due to the pandemic, most of these seminars were conducted on virtual platforms.

The Bank organised a webinar on 'Strategies for Alleviating Policy Constraints for Exports in Select Sectors'. The webinar was chaired by the Hon'ble Minister of Commerce and Industry, Shri Piyush

एक्ज़िम बैंक ने हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद के साथ मिलकर वायनाड, धारवाड और हैदराबाद में हस्तशिल्प क्लस्टरों के लिए निर्यात क्षमता सृजन कार्यशालाओं का आयोजन किया।

Exim Bank partnered with the Export Promotion Council for Handicrafts to organise export capability creation workshops for the handicraft clusters in Wayanad, Dharwad and Hyderabad.

बैंक ने पैकेजिंग, सोलर पीवी विनिर्माण और खेल वस्तु उद्योगों पर केंद्रित सेमिनारों का आयोजन किया। इन वर्चुअल सत्रों में भारतीय निर्यातकों और निर्यात संवर्धन परिषदों सहित विभिन्न स्टेकहोल्डरों ने हिस्सा लिया। निर्यातों को बढ़ावा देने के लिए राज्य केंद्रित रणनीतियों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए बैंक ने केरल और राजस्थान सरकार के साथ मिलकर वर्ष के दौरान दो वेबिनार किए, जिनमें इन राज्यों में विद्यमान संभावनाओं और निर्यातों में सुधार के क्षेत्रों को रेखांकित किया गया।

अफ्रीका में व्यापार और निवेश में भारत के योगदान और विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत बैंक के समन्वय को रेखांकित करते हुए विभिन्न वेबिनारों का आयोजन किया गया। ये वेबिनार 'पश्चिम अफ्रीका में भारतीय कंपनियों द्वारा परियोजना निष्पादन का मूल्यांकन', 'भारत-अफ्रीका संवादः स्वास्थ्य सेवाओं में संभावनाएं', 'रवांडा में बुनियादी ढांचागत विकास के लिए अवसर', और 'भारत-मोरक्को बिजनेस फोरम' जैसे विषयों पर आयोजित किए गए। इन सेमिनारों में अफ्रीकी मिशनों, भारत सरकार और अफ्रीका में मौजूदगी रखने वाले भारतीय कॉर्पोरेट जगत के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और विशाखन के क्षेत्रों के साथ-साथ बेहतर सहयोग के लिए रणनीतियों पर चर्चा की। बैंक ने 'भारत-जीसीसी संबंधों को बढ़ानाः परियोजना निर्यात और अन्य संभावनाएं' और 'यूएई में भारत के निवेशों को बढ़ाना' जैसे विषयों पर देश केंद्रित सेमिनारों का भी आयोजन किया।

ईसीएल, बहुपक्षीय विकास बैंकों द्वारा निधिक परियोजनाओं में व्यवसाय अवसरों पर उनके साथ मिलकर संयुक्त रूप से सेमिनारों का आयोजन करता है। वर्ष के दौरान बैंक ने विश्व बैंक के साथ मिलकर विदेशी सहायता प्राप्त परियोजनाओं में व्यवसाय अवसरों पर एक ऑनलाइन चर्चापरक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला के दौरान एशियाई विकास बैंक, एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक और न्यू डेवलपमेंट बैंक जैसे अन्य बहुपक्षीय विकास बैंकों के विशेषज्ञों के सत्र भी रखे गए।

ग्रामीण और ग्रासरूट उद्यमों में विशेष रूप से महामारी के बाद निर्यात क्षमता बढ़ाने के लिए एक्ज़िम बैंक ने हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद के साथ मिलकर तीन कार्यशालाओं का आयोजन किया। ये कार्यशालाएं वायनाड, धारवाड़ और हैदराबाद क्लस्टरों में निर्यात प्रलेखीकरण, निर्यात मार्केटिंग, ई-कॉमर्स, डिजाइन ट्रेंड्स जैसे विषयों पर की गईं। इन कार्यशालाओं से करीब

Goyal, who highlighted the efforts taken by the GOI to reverse the recent slowdown in exports and enhance competitiveness of Indian exporters in the global market. Further, in line with the GOI's focus on 'Aatmanirbhar Bharat', the Bank organised a webinar on 'Strategies for a Self-Reliant India' that discussed several proposed measures to give an impetus to the manufacturing sector.

The Bank organised sector-focused seminars for the packaging, solar PV manufacturing and sports goods industries. Stakeholders, including Indian exporters and export promotion councils, participated in these virtual sessions. Recognizing the need for state-focused strategies for export promotion, the Bank partnered with the State Governments of Kerala and Rajasthan to organize two webinars during the year.

Highlighting the contribution of India's trade and investment in Africa and the Bank's ongoing engagements under various programmes, several webinars were organised, covering the themes of 'Assessment of Project Implementation by Indian Companies in West Africa', 'India-Africa Dialogue: Prospects in Healthcare', 'Opportunities for Infrastructure Development in Rwanda' and 'India-Morocco Business Forum'. These seminars brought together representatives from African missions, the GOI and the Indian corporate sector having presence in Africa, who shared insights into

एक्ज़िम बैंक ने सेनेगल सरकार को 225 केवी की हाई वोल्टेज ट्रांसमिशन लाइनों के निर्माण के लिए राष्ट्रीय निर्यात बीमा खाते के अंतर्गत 200 मिलियन यूएस डॉलर की क्रेता ऋण सुविधा को मंजूरी दी।

Exim Bank sanctioned a buyer's credit facility under NEIA of US$ 200 million to the Government of Senegal for construction of the 225 KV high-voltage transmission lines.

एक्ज़िम बैंक का 36वां स्थापना दिवस वार्षिक व्याख्यान 'भारत की व्यापार नीतिः कल, आज और कल' विषय पर प्रो. अरविंद पनगड़िया द्वारा दिया गया, जो कोलंबिया विश्वविद्यालय में भारतीय राजनीतिक अर्थव्यवस्था के जगदीश भगवती प्रोफेसर हैं।

Prof. Arvind Panagariya, Professor of Economics and the Jagdish Bhagwati Professor of Indian Political Economy at Columbia University, delivered Exim Bank's 36th Commencement Day Annual Lecture on the topic 'India's Trade Policy: Past, Present and Future.'

250 दस्तकार लाभान्वित हुए। बैंक ने 'महिला उद्यमियों का सशक्तीकरण' विषय पर भी एक ऑनलाइन सत्र आयोजित किया, जिसमें व्यापार और अर्थव्यवस्था में विशेष रूप से ग्रासरूट उद्यमों की महिलाओं के योगदान को रेखांकित किया गया। इन सत्रों का आयोजन हिन्दी और क्षेत्रीय भाषाओं में किया गया, ताकि ग्रासरूट स्तर के उद्यमियों को बेहतर तरीके से जोड़ा जा सके।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार, अर्थव्यवस्था, व्यापार संबंधी नीतियों आदि से जुड़े मामलों की जानकारी वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के क्रम में बैंक निर्यातकों के लिए ऑनलाइन सत्रों का आयोजन करता है, जिन्हें 'एक्ज़िम बैंक की मास्टर क्लास' नाम दिया गया है। ये सत्र 'निर्यात बाजारों तक पहुंचने के लिए जरूरी माध्यम', 'कोविड-19 के बाद कैसे बढ़ाएं कृषि व्यवसाय' 'चुनिंदा क्षेत्रों पर केंद्रीय बजट का प्रभाव' और 'निर्यातकों और आयातकों के लिए नवीनतम अधिसूचनाओं की जानकारी' जैसे विषयों पर आयोजित किए गए। इन सत्रों के लिए वक्ता के रूप में बैंक के अर्थशास्त्रियों के साथ-साथ बाहरी विशेषज्ञों को भी आमंत्रित किया गया।

संस्थागत संबद्धताएं

देश के व्यापार एवं निवेश हेतु अनुकूल परिवेश तैयार करने में मदद के लिए बैंक ने बहुपक्षीय एजेंसियों, निर्यात ऋण एजेंसियों, बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं, व्यापार संवर्धन निकायों और निवेश संवर्धन बोर्डों के साथ अपने संस्थागत संबंधों का एक नेटवर्क विकसित किया है।

ब्रिक्स अंतरबैंक सहयोग तंत्र

ब्रिक्स अंतरबैंक सहयोग तंत्र के अंतर्गत बैंक, भारत की ओर से एक नामित सदस्य विकास बैंक है। बैंक ने

areas for diversification and strategies for achieving greater collaboration. The Bank also organised country-focused seminars such as 'Enhancing India-GCC Relations: Prospects in Project Exports and Beyond' and 'Stepping up India's Investments in the UAE'.

ECL partners with Multilateral Development Banks (MDBs) to jointly organize seminars on business opportunities in projects funded by them. During the year, the Bank partnered with the World Bank to organize an online interactive workshop on business opportunities in externally aided projects. Experts from other MDBs such as the Asian Development Bank, Asian Infrastructure Investment Bank and New Development Bank, also conducted sessions during the workshop.

To enhance export capability of the rural and grassroots enterprises, especially after the pandemic, Exim Bank partnered with Export Promotion Council for Handicrafts to organize three workshops on themes related to export documentation, export marketing, e-commerce, design trends, etc. in the handicraft clusters in Wayanad, Dharwad and Hyderabad. Nearly 250 artisans benefitted from these workshops. The Bank also conducted an online session on 'Empowering Women Entrepreneurs' that highlighted the role and contribution of women, specially from the grassroots enterprises, in trade and economy. These sessions were conducted in Hindi and regional languages for better connect with the grassroots entrepreneurs.

To reach out to a global audience on matters pertaining to international trade, economy and trade-related policies, among others, the Bank conducts online educative sessions for exporters. The sessions, called 'Exim Bank's Masterclass', were held on topics such as 'Essential Tools for Accessing Export Markets', 'How to Sustain your Agribusiness post COVID-19?', 'Impact of Union Budget on Select Sectors', and 'Overview of Latest Notifications for Exporters and Importers'. Economists from the Bank as well as external experts were invited as speakers for these masterclasses.

एक्ज़िम बैंक ने दुबई विद्युत एवं जल प्राधिकरण के लिए 400 केवी की ओवरहेड लाइन और सबस्टेशनों की स्थापना के लिए केईसी इंटरनैशनल लिमिटेड को सहायता प्रदान की।
Exim Bank supported KEC International Ltd. for setting up of a 400 KV overhead line and substations for Dubai Electricity & Water Authority.

उत्तरदायी वित्तपोषण के सिद्धांतों पर ब्रिक्स राष्ट्रों के विकास बैंकों के साथ एक सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस एमओयू के फ्रेमवर्क के अंतर्गत, सदस्य विकास बैंकों ने उत्तरदायी वित्तपोषण के समान सिद्धांतों को अपनाने की संभावनाओं का पता लगाने पर सहमति जताई है। बैंक ने ब्रिक्स अंतरबैंक सहयोग तंत्र की वार्षिक बैठक और वित्तीय फोरम के साथ-साथ 16 नवंबर, 2020 को रूस के स्टेट डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा ऑनलाइन आयोजित की गई संबंधित बैठकों में भी हिस्सा लिया।

एशियाई एक्ज़िम बैंक फोरम

इंडिया एक्ज़िम बैंक ने 1996 में एशियाई एक्ज़िम बैंक फोरम (एईबीएफ) के गठन की पहल की। एईबीएफ का उद्देश्य अपनी सदस्य संस्थाओं के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाना और मजबूत संस्थागत संबंध स्थापित करना है, ताकि एशियाई एक्ज़िम बैंक समुदाय में दीर्घकालिक संबंध स्थापित किए जा सकें।

वित्तीय वर्ष के दौरान, महामारी के चलते एईबीएफ की छब्बीसवीं वार्षिक बैठक आयोजित नहीं की जा सकी। तथापि, तुर्क एक्ज़िम बैंक ने जून 2020 में तकनीकी कार्य समूह की वर्चुअल बैठक की मेजबानी की, जिसमें सभी सदस्य संस्थाओं ने हिस्सा लिया।

एईबीएफ फोरम प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से ज्ञान साझा करने के लिए एक अच्छा मंच प्रदान करता है, जिनसे सदस्य संस्थाओं के स्टाफ सदस्यों को परियोजना वित्तपोषण, पूँजी बाजारों, पोत वित्तपोषण, एसएमई वित्तपोषण, कमोडिटी वित्तपोषण, देश जोखिम, विदेशों में निवेश जैसे विविध क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ कार्यप्रणालियां सीखने में मदद मिली है। महामारी के चलते लगाए गए यात्रा प्रतिबंधों के कारण एईबीएफ के संरक्षण में ऑनलाइन

INSTITUTIONAL LINKAGES

The Bank has fostered a network of alliances and institutional linkages with multilateral agencies, export credit agencies, banks and financial institutions, trade promotion bodies, and investment promotion boards to help create an enabling environment for supporting trade and investment.

BRICS Interbank Co-operation Mechanism

Exim Bank is the nominated member development bank from India under the BRICS Interbank Co-operation Mechanism. The Bank entered into a Memorandum of Understanding (MoU) with the development banks of the BRICS nations on the Principles of Responsible Financing. Under the framework of the MoU, member development banks have agreed to explore the possibilities of adopting the common principles of responsible financing. The Bank also participated in the Annual Meeting and the Financial Forum of the BRICS Interbank Co-operation Mechanism, and associated meetings organised online by Russia's State Development Corporation (VEB.RF), on November 16, 2020.

Asian Exim Banks Forum

In 1996, India Exim Bank took the initiative of forming the Asian Exim Banks Forum (AEBF). The Forum seeks to enhance economic co-operation and forge stronger linkages among its member institutions, thereby fostering a long-term relationship within the Asian Exim Banks' community.

The twenty-sixth Annual Meeting of the AEBF could not be organised during the financial year due to the pandemic. However, Türk Eximbank hosted a virtual Technical Working Group Meeting in June 2020 which was attended by all member institutions.

AEBF provides a sound platform for knowledge sharing by way of training programmes that have helped the staff of the member institutions learn the best practices in areas as diverse as project financing, capital markets, ship financing, SME financing, commodity financing, country risk and cross border investment, among others. Due to the

प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। पहला ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम जुलाई 2020 में कोरियाई एक्ज़िम बैंक द्वारा किया गया। इसका विषय था– 'पर्यावरणीय और सामाजिक चिंताएं तथा इस संबंध में की जाने वाली जरूरी कार्रवाई'।

एक्ज़िम बैंकों तथा विकास वित्त संस्थाओं का वैश्विक नेटवर्क

एक्ज़िम बैंकों तथा विकास वित्त संस्थाओं के वैश्विक नेटवर्क (जी–नेक्सिड) की स्थापना बैंक तथा अन्य सार्वजनिक विकास बैंकों की पहल पर अंकटाड के तत्त्वावधान में 2006 में जेनेवा में की गई थी। विभिन्न विकासशील देशों के एक्ज़िम बैंकों तथा विकास वित्त संस्थाओं के सक्रिय सहयोग से इसकी स्थापना की गई। इस नेटवर्क के जरिए दक्षिण–दक्षिण व्यापार और निवेश तथा सहयोग को बढ़ाने के प्रयास किए गए।

इस नेटवर्क की पिछली वार्षिक आम बैठक जून 2019 में यूएन–एमएसएमई दिवस के साथ जेनेवा में हुई थी। इसके बाद अक्टूबर 2019 में चौथे एक्सचेंज कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी मेजबानी अफ्रीकी निर्यात–आयात बैंक (अफ्रेक्ज़िम बैंक) द्वारा की गई। तथापि, महामारी को देखते हुए 2020 में वार्षिक आम सभा 23 सितंबर, 2020 को वर्चुअल रूप में आयोजित की गई। घाना में पिछले साल होने वाला पांचवां एक्सचेंज कार्यक्रम भी स्थगित कर दिया गया।

travel restrictions imposed by the pandemic, the training programs under the tutelage of AEBF are being organised, through the online mode. The first online training programme was organised by the Export-Import Bank of Korea in July 2020 on the theme 'Environmental and Social Considerations and Actions That Need to Be Taken'.

Global Network of Exim Banks and Development Finance Institutions

The Global Network of Exim Banks and Development Finance Institutions (G-NEXID) was set up in Geneva in 2006 through the Bank's initiative and that of other public development banks, under the auspices of the United Nations Conference on Trade and Development. The Network has endeavored to foster enhanced South-South trade, and investment, and co-operation.

The Network held its last physical Annual General Meeting in Geneva in June 2019 in conjunction with the UN-MSME Day, and consequently the fourth Exchange Programme was hosted by the African Export-Import Bank (Afreximbank) in Cairo in October 2019. However, due to the ongoing pandemic the Annual General Assembly was held

एक्ज़िम बैंक ने भुवनेश्वर में 'अन्वेषा ट्राइबल आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स' की 20 महिला बुनकरों के लिए ऑनलाइन डिजाइन विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए सहायता प्रदान की।
Exim Bank supported an online design development training programme for 20 women tribal weavers of 'Anwesha Tribal Arts & Crafts' in Bhubaneshwar.

तथापि, नेटवर्क ने इस मौके पर सितंबर से नवंबर 2020 तक 'ब्लॉकचेन तकनीक' पर परिचयात्मक ऑनलाइन कार्यक्रम का प्रस्ताव रखा, जिसमें जी-नेक्सिड के दुनियाभर के सदस्य देशों की 13 संस्थाओं से 44 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

स्थापना दिवस वार्षिक व्याख्यान

एक्ज़िम बैंक की स्थापना दिवस वार्षिक व्याख्यान माला की शुरुआत 1986 में की गई थी। यह व्याख्यान माला वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रभाव डालने वाले समसामयिक वित्त, व्यापार और विकास के विषयों पर विचार-विमर्श तथा चर्चा में योगदान देती है। वित्तीय वर्ष 2021 का यह व्याख्यान प्रोफेसर अरविंद पनगड़िया द्वारा दिया गया, जो कोलंबिया विश्वविद्यालय, यूएसए में भारतीय राजनीतिक अर्थव्यवस्था के जगदीश एन. भगवती प्रोफेसर और नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष हैं। उनके व्याख्यान का विषय 'भारत की व्यापार नीतिः कल, आज और कल' था।

virtually on 23 September 2020. The fifth Exchange Programme, which was due to be held in Ghana last year, was also postponed.

Nevertheless, the Network used the opportunity to offer an introductory online programme on 'Blockchain Technology' from September to November 2020, which was attended by 13 institutions and 44 participants from among the G-NEXID cohort across the globe.

Commencement Day Annual Lecture

Exim Bank's Commencement Day Annual Lecture series, instituted in 1986, contributes to the debate and discussions on contemporary finance, trade and development issues impacting the global economy. The 2021 lecture was delivered by Professor Arvind Panagariya, Jagdish N. Bhagwati Professor of Indian Political Economy, Columbia University, USA and former Vice Chairman, Niti Aayog. Prof. Panagariya spoke on the topic 'India's Trade Policy: The Past, Present and Future.'

एक्ज़िम बैंक का संस्थागत ढांचा
Exim Banks' Institutional Infrastructure

मानव संसाधन प्रबंधन

यथा 31 मार्च, 2021 को बैंक के कुल कार्मिकों की संख्या 345 रही, जिनमें प्रबंधन स्नातक, सनदी लेखाकार, बैंकर, अर्थशास्त्री, विधि, पुस्तकालय एवं प्रलेखीकरण विशेषज्ञ, इंजीनियर, भाषाविद, मानव संसाधन, मार्केटिंग तथा सूचना प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ शामिल हैं। बैंक अपने स्टाफ के कौशल का निरंतर उन्नयन करने के लिए विभिन्न सामूहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। अधिकारियों को विशिष्ट पोर्टफोलियो संभालने के लिए उनके कौशल विकास के उद्देश्य से उन्हें ई-लर्निंग सहित विशिष्ट समूह प्रशिक्षण कार्यक्रमों और सेमिनारों के लिए नामित किया जाता है।

वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान बैंक के 224 अधिकारियों ने विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों और सेमिनारों में हिस्सा लिया। ये कार्यक्रम क्रेडिट रेटिंग, भारतीय ट्रेजरी बाजार, डिस्ट्रेस्ड आस्तियों का समाधान, प्रापण नीति फ्रेमवर्क, परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन, बॉन्ड गणित, क्लाउड सिक्योरिटी और धनशोधन निवारण जैसे बैंक के परिचालनों से संबंधित विषयों पर थे। स्टाफ को तनाव प्रबंधन, वर्क-लाइफ बैलेंस, समय प्रबंधन और व्यक्तिगत प्रभाविता पर भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान बैंक के 65 प्रतिशत अधिकारियों को प्रतिष्ठित संस्थानों और आंतरिक प्रशिक्षकों द्वारा आयोजित 58 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नामित किया गया।

अनुसूचित जातियों, जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व

यथा 31 मार्च, 2021 को बैंक की सेवा में कुल 345 स्टाफ सदस्यों में 38 अनुसूचित जाति (एससी), 24 अनुसूचित जनजाति (एसटी) और 58 अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी से रहे। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के इन स्टाफ सदस्यों को बैंक द्वारा समान अवसर और प्रशिक्षण प्रदान किए जाते हैं।

''कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013'' के अंतर्गत आंतरिक शिकायत समिति

बैंक में कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न के मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। बैंक में उक्त अधिनियम और इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुरूप, कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न के निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष के संबंध में नीति लागू है। बैंक के सभी कर्मचारियों ने बैंक द्वारा कार्यान्वित इस नीति को पढ़ लिया है, स्वीकार किया है तथा वे इससे अवगत हैं।

Human Resources Management

The Bank's staff, comprising management graduates, chartered accountants, bankers, economists, legal, library and documentation experts, engineers, linguists, human resources, marketing and IT specialists, numbered 345 as of March 31, 2021. The Bank organizes various group training programmes, facilitating continuous upgradation of skills of its staff. Officers are also nominated for customised training programmes and seminars including e-learning, aimed at enhancing skill sets for handling highly specialised portfolios.

During FY 2020-21, 224 officers attended training programmes and seminars on various subjects relevant to the Bank's operations, which include credit rating, Indian treasury market, resolution of distressed assets, procurement policy framework, operational risk management, bond mathematics, cloud security and audit and anti-money laundering. Training was also imparted in stress management, work-life balance, time management and personal effectiveness. During FY 2020-21, 65 per cent of the Bank's officers were nominated for 58 training programmes conducted by reputed institutes, and by internal trainers.

Representation of Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes

Of the total staff of 345 in the Bank's service as of March 31, 2021, there were 38 Scheduled Caste (SC), 24 Scheduled Tribe (ST) and 58 Other Backward Class (OBC) staff members. Equal opportunities and trainings are provided by the Bank to staff members belonging to SCs, STs and OBCs.

Internal Committee Under "The Sexual Harassment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act, 2013"

The Bank has zero tolerance for sexual harassment at the workplace and has adopted the 'Policy on Prevention, Prohibition and Redressal of Sexual Harassment of Women at the Workplace', in line with the Act and the Rules made thereunder. All employees of the Bank have read, acknowledged and are aware of the Policy implemented by the Bank.

इस अधिनियम के अनुपालन में, बैंक ने कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न संबंधी घटनाओं की शिकायतों पर विचार करने के लिए अधिनियम में परिभाषित अनुसार आंतरिक समितियों का गठन किया है। इन समितियों की नियमित बैठकें हुई हैं और बैंक के सभी कार्यालयों के कर्मचारियों के लिए इस संबंध में ऑनलाइन जागरूकता सत्रों का आयोजन भी किया गया। वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, आंतरिक शिकायत समितियों को कोई शिकायत नहीं मिली।

ट्रेजरी

